विशेषांक

जुलाई-2024, मूल्य : ₹ 10

# दीप कमल



## सुशासन के 6 माह

# प्रगति को नवगति

# मेल-मिलाप
















# दीप कमल

वर्ष-20, अंक-7, जुलाई 2024

**संपादक**
पंकज कुमार झा

**प्रबंध संपादक**
हेमंत पाणिग्रही

मुद्रक एवं प्रकाशक
किरण देव द्वारा, भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ के लिए, विश्व परिवार से मुद्रित एवं कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, बोरियाकला, रायपुर से प्रकाशित।


पत्रिका दीप कमल के इस अंक का पीडीएफ प्राप्त करने के लिए कृपया QR कोड स्कैन करें।


**स्वत्वाधिकारी**
भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

mydeepkamal@gmail.com


0771-2233500, 2233511

92016-33511


## सोशल मीडिया से

**Narendra Modi**
@narendramodi

It's a very special day for our education sector. At around 10:30 AM today, the new campus of the Nalanda University would be inaugurated at Rajgir. Nalanda has a strong connect with our glorious past. This university will surely go a long way in catering to the educational needs of the youth.



**Bjp Chhattisgarh**

मुख्यमंत्री श्री Vishnu Deo Sai जी ने रिमोट बटन दबाकर राज्य स्तर से मितानिन प्रोत्साहन राशि, मितानिनों के खाते में 90 करोड़ 8 लाख 84 हजार 20 रुपये का अंतरण किया।

इस दौरान उप-मुख्यमंत्री श्री Arun Sao जी, उप-मुख्यमंत्री श्री Vijay Sharma जी, माननीय कैबिनेट मंत्री श्री Kedar Kashyap जी, श्री Shyam Bihari Jaiswal जी, विधायक श्री Anuj Sharma जी, श्री Guru khushwant saheb जी, श्री Indra Kumar Sahu जी भी उपस्थित रहे।




**J.P.Nadda**

आज श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती पर जम्मू-कश्मीर के जम्मू में BJP Jammu & Kashmir की 'विस्तारित कार्यसमिति बैठक' में उपस्थित हमारे ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

पंजाब, पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर का भारत के साथ एकीकरण और देश की अखंडता और संप्रभुता के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद जी की प्रतिबद्धता व विराट योगदान के लिए सम्पूर्ण देशवासी उनके कृतज्ञ हैं।

विगत 10वर्षों में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री Narendra Modi जी के नेतृत्व में शिक्षा, वित्त व विकास के लिए समर्पित डॉ.मुखर्जी जी की दूरदर्शी प्रयास जमीन पर चरितार्थ हुए हैं। यह जम्मू-कश्मीर के उज्ज्वल भविष्य को साकार स्वरूप प्रदान करेगा। आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता यहाँ सेवा, सुशासन और विकास की स्थापना के लिए संकल्पित है।



**Amit Shah**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 25 जून को 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय किया है। 25 जून 1975 को इंदिरा गाँधी की सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल में लोकतंत्र व संविधान के लिए अटूट संघर्ष करने वाले सत्याग्रहियों का यह सम्मान है। यह दिवस हर भारतीय को कांग्रेस की तानाशाही से अवगत कराएगा और संविधान व लोकतंत्र के प्रति उन्हें और भी जागरूक बनाकर यह सुनिश्चित करेगा कि कांग्रेस फिर कभी इसकी पुनरावृत्ति न कर पाए।




**Vishnu Deo Sai**


राम रामेति रामेति रमे रामे मनोरमे।
सहस्रनाम तत्तुल्यं राम नाम वरानने।।

अवधपुरी धाम में छत्तीसगढ़ के भांचा, प्रभु श्री रामलला के दर्शन का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ। दशरथ नंदन श्रीराम से 3 करोड़ छत्तीसगढ़वासियों के खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की। श्री रामलला के चरणों में माता शबरी की पवित्र धरती शिवरीनारायण के बेर, जाम, महुआ का फल, विष्णुभोग चावल, कोसा वस्त्र, कुसी लड्डू, अनरसा और सीताफल अर्पित किया।

प्रभु श्रीराम के साक्षात दर्शन पाकर धन्य महसूस कर रहा हूं, साथ ही अलौकिक आनंद की अनुभूति हो रही है। सियावर रामचंद्र की कृपा हम सब पर सदैव बनी रहे।

यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्पित प्रयासों से इस भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है, जिससे करोड़ों रामभक्तों के आस्था को बल मिला है। इस अवसर पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव श्री चंपत राय जी का भी सानिध्य प्राप्त हुआ।

जय श्री राम।



**Kiran Singh Deo**

बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री, कुशल राजनीतिज्ञ, संगठन शिल्पी माननीय श्री Nitin Nabin जी को पुनः छत्तीसगढ़ का प्रदेश प्रभारी बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।... See more



संपादकीय


# संवर रहा है छत्तीसगढ़



अगर कोई आपसे यह पूछे कि सबसे बड़ा पाप क्या है? इसका जवाब शायद यही होगा कि कृतघ्नता, विश्वासघात, अहसानफरामोशी, भरोसे की हत्या ही सबसे बड़ा अपराध है। मानवता के विरुद्ध वह एक ऐसा कृत्य है जिसका कोई प्रायश्चित नहीं हो सकता, उसका दंड ही भुगतना होता है। छत्तीसगढ़ के पूर्व की भूपेश सरकार ऐसे ही धोखाधड़ी का अपराधी थी, जिसने एक से एक सपने छत्तीसगढ़ की सहज-सरल जनता को दिखाया और बिलकुल उसका उल्टा किया, जैसा उसने कहा था। अगर आप कांग्रेस के 2018 के कथित जन घोषणा पत्र को पढ़ेंगे, और 2023 में गयी कांग्रेस सरकार के कृत्यों से उसका मेल करायेंगे, तो आपको आश्चर्य होगा कि स्वतंत्रता के सात दशक के बाद भी क्या कोई पार्टी ऐसा हो सकता है जिसने बाकायदा कागज पर लिखने के बावजूद लोकतंत्र की सबसे बड़ी ठगी को अंजाम दिया हो।

अगर अपराध का कहीं कोई संग्रहालय बने, या लोकतंत्र में नेताओं को क्या नहीं करना चाहिए, ऐसे किसी विषय पर राजनीति शास्त्र के छात्रों को कुछ पढ़ाना हो, तो आप कांग्रेस के केवल उस कथित घोषणा पत्र को रख दीजिये, उसका एक सोशल ऑडिट रिपोर्ट भी रख दीजिये, समाज जीवन में आने वाले नयी पीढ़ी को इसके अलावा कोई विधि-निषेध (डूज एंड डोंट) पढ़ाने-बताने की आपको आवश्यकता नहीं पड़ेगी। निस्संदेह छत्तीसगढ़ कांग्रेस का जन घोषणा पत्र विश्व के लोकतांत्रिक इतिहास में की गयी ठगी का सबसे बड़ा और नायाब उदाहरण है।

क्या-क्या कहा जाय, किन-किन वादों का जिक्र हो! दस लाख से अधिक नौकरी, प्रदेश के दस लाख से अधिक युवाओं को प्रति महीने 2500 रुपया बेरोजगारी भत्ता, महिलाओं को 500 रूपये प्रति महीने (जैसे खटाखट 85 सौ रुपये महीने का वादा इस लोकसभा चुनाव में भी था) 500 रूपये गैस सिलिंडर अनुदान, किसानों को बकाया दो वर्ष का बोनस, समेत ऐसे-ऐसे सब्जबाग दिखाए गए थे कि क्या कहा जाय? आश्चर्य यह कि ऐसे किसी भी वादे को छूए बिना भी तब के मुख्यमंत्री स्वयं को 'भरोसे का मसीहा' कहने-समझने लगे थे। जो-जो कहा, उनमें से लगभग कुछ भी नहीं



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

करने की बात तो थी ही, अनेक विषय तो ऐसे थे कि जो कहा उसके सीधे विपरीत किया था कांग्रेस ने।

मसलन, सबसे अधिक छत्तीसगढ़ियावाद की बात की, और जब-जब अवसर आया तब-तब राज्यसभा जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर भी बाहर के भाड़े के लोगों को लाकर भर दिया गया, छत्तीसगढ़ी की बात करते रहे लेकिन छत्तीसगढ़ी माध्यम से पढ़ाई तक का विरोध किया। जिस कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण का ही विरोध किया था, उससे आप इससे अधिक की उम्मीद भी क्या कर सकते थे भला? इसी तरह किसानों का मसीहा स्वयं को बताते हुए धान बेचने आने वाले किसानों से बर्बरता, मंडी टैक्स माफ करने की बात और उसे दुगना कर देना, शराबबंदी की बात और कोरोना जैसे भीषण समय में शराब की घर पहुंच सेवा शुरू कर देना, नकली शराब पिलाना, हजारों करोड़ का शराब घोटाला करना... आप लिखते चले जायेंगे लेकिन कांग्रेस के कुकृत्यों की समाप्ति नहीं होगी। कथनी और करनी में इतना अधिक अंतर रखने वाला समूह शायद विश्व की राजनीति ने कोई और पैदा नहीं किया होगा।

ऐसे करतूतों से लोकतंत्र में भरोसे का संकट पैदा कर देने के बाद आई ऐसी पार्टी को हराकर आयी भाजपा की सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती भरोसे की बहाली ही थी, यह इसलिए क्योंकि लोकतंत्र अन्य चीजों के बिना भले चल जाय लेकिन जनता और उसके प्रतिनिधियों के बीच विश्वास के बिना, बिलकुल चलने वाला नहीं है। भरोसे के इस संकट को समझते हुए भाजपा नेतृत्व ने अपना घोषणा पत्र (मोदी की गारंटी) बनाते समय ही इस बात का विशेषकर ध्यान रखा था कि परिणाम चाहे कुछ भी हो किंतु ऐसा कुछ भी वचन नहीं देना है, जिसे भंग करने का पाप अपने सर पर लेना पड़े। बाकायदा भाजपा ने घोषणा पत्र समिति के भीतर एक वित्त प्राक्कलन समिति बनाई थी, जिससे हरी झंडी मिलने के बाद ही किसी भी घोषणा को दर्ज किया जाता था। बहरहाल।

मोदी की गारंटी पर भाजपा को फिर से छत्तीसगढ़ में जनादेश मिला, सहज-सरल और संवेदनशील लेकिन निर्भीक और कुशल नेता श्री विष्णु देव साय मुख्यमंत्री बने, उसके बाद लोकतंत्र के प्रति खोये हुए भरोसे को वापस लाने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास प्रारम्भ हो गया। शपथ ग्रहण के अगले दिन ही 18 लाख से अधिक 'प्रधानमंत्री आवास' की अनुमति दे दी गयी। तय समय में दो साल का बकाया बोनस देना, रिकॉर्ड धान खरीदी रिकॉर्ड कीमत पर रिकॉर्ड समय में, महतारी वंदन की राशि 70 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में प्रति माह जाना, खनिज परिवहन घोटाला करने के लिए कांग्रेस द्वारा बनाए गए ऑफलाइन सिस्टम का खात्मा, शराब घोटाले की युद्ध स्तर पर जांच और अपराधियों को गिरफ्तार किया जाना, कोयला समेत सभी घोटाले के अपराधियों को जेल के भीतर डालना, पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच, नयी शिक्षा नीति को प्रदेश में लागू करते हुए स्थानीय भाषा माध्यमों से प्राथमिक शिक्षा समेत सारे ऐसे निर्णय सांय-सांय लिए जाने लगे, जिससे जनता आश्चर्यचकित और अचंभित रह गयी। प्रदेश का खोया विश्वास और जनता का लुटा आत्मसम्मान वापस आया। मात्र छः महीने में (जिसमें काफी समय आचार संहिता के कारण कामकाज बाधित था) इतने काम हुए जितना कांग्रेस की पिछली सरकार पांच वर्ष में नहीं कर पायी। काम तो खैर क्या करती वह, भाजपा द्वारा बनाए गए सड़क-स्कूल-अस्पताल आदि बुनियादी ढाँचे का साज-सवार तक उनसे नहीं हुआ।

हमने बनाया – हम हीं संवारेंगे के संकल्प के साथ जुटी साय सरकार की इन्हीं उपलब्धियों पर भाजपा की विस्तारित कार्यसमिति में विस्तार से चर्चा हुई। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद हुई पहली कार्यसमिति से लेकर रायपुर में हुई इस विस्तारित कार्यसमिति तक, इन्द्रावती नदी से लेकर खारून तक में पानी भले काफी बह गया हो लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं की आँख का पानी कायम है। हर भाजपा कार्यकर्ता लोकतंत्र में लोक लाज के महत्त्व से भली भांति परिचित है। हमारे पथ प्रदर्शक पंडित दीनदयाल उपाध्याय कहा करते थे कि ईमानदारी हमारी केवल नीति नहीं बल्कि हमारी संस्कृति है। इन्हीं संस्कृति को अपने अंतार में समेटे भाजपा इस सुन्दर प्रदेश को बनाने के बाद संवारने के यज्ञ में प्राण पण से जुटी है। परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए पार्लियामेंट से लेकर पंचायत तक सेवा का अवसर तलाशने का उत्साह और प्रेरणा लेकर प्रदेश के कोने-कोने से आये कार्यकर्तागण विदा हुए हैं। संगठन और सत्ता के समन्वय से छत्तीसगढ़ को विकसित प्रदेशों की कतार में खड़े कर, यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने, विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के यज्ञ में जी-जान से जुटने का जज्बा लेकर भाजपा कार्यकर्तागण अपने-अपने क्षेत्र में वापस गए हैं। निस्संदेह विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में इन कार्यकर्ताओं का योगदान रेखांकित करने योग्य होगा, यह विश्वास प्रबल हुआ है। ।•••

mydeepkamal@gmail.com

पंकज...



**जगत प्रकाश नड्डा**

# ...वह कश्मीर हमारा है!




भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने जम्मू में आयोजित विस्तारित कार्यसमिति बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर में हुए अभूतपूर्व बदलावों को रेखांकित किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जम्मू से विशेष रिश्ता रहा है। उनकी जीवन यात्रा में जम्मू-कश्मीर का विशिष्ट स्थान रहा है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी अपने जीवन में कभी रुके नहीं, उन्होंने अपना जीवन किसी पद या प्रतिष्ठा के लिए नहीं बल्कि भारत माता की जय के विचार को दृढ़ करने के लिए लगाया है, उन्होंने अनेकों पदों से त्यागपत्र देकर अपनी यात्रा को पूर्ण किया। वह एक राजनेता और वीर क्रांतिकारी थे एवं देश के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करने के लिए सदैव तत्पर रहे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र में कुलपति बनने वाले पहले व्यक्ति थे लेकिन राष्ट्रहित के लिए उन्होंने कुलपति पद से भी त्यागपत्र दे दिया था। उन्होंने पश्चिम बंगाल से चुनाव लड़ा, दो बार मंत्री बनने के बाद भी उन्होंने बंगाल को बचाने के लिए पद से इस्तीफा देकर लड़ाई शुरू की। आज के बंगाल और पंजाब को यदि हम भारत के अटूट हिस्से के तौर पर देख रहे हैं तो ये श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के कारण संभव हुआ था। उनके आंदोलन के कारण ही पश्चिम बंगाल और पंजाब पाकिस्तान का हिस्सा बनने से बचा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी, जवाहर लाल नेहरू की कैबिनेट के पहले मंत्री थे जिन्होंने भारत की एकता और अखंडता के लिए इस्तीफा दिया और तय किया कि एक देश में दो निशान, दो प्रधान, दो विधान नहीं चलेंगे और जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाना पड़ेगा। पहले जम्मू-कश्मीर में आने के लिए परमिट की आवश्यकता होती थी, लेकिन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने जब आंदोलन के दौरान जम्मू-कश्मीर में प्रवेश के लिए परमिट मांगा गया तो उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत मां की धरती है और मुझे अपने देश के हिस्से में घुसने के लिए किसी परमिट की आवश्यकता नहीं है। उन्हें जम्मू-कश्मीर में प्रवेश के लिए गिरफ्तार किया गया और 23 जुलाई को श्रीनगर की जेल में संदेहास्पद परिस्थितियों में उनकी जान गई। उन्होंने देश के लिए अपना बलिदान दिया है इसलिए भाजपा सन 1953 से ये नारा लगाती रही है, 'जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वह कश्मीर हमारा है'। चार-चार पीढ़ियां खप गईं, लेकिन देश ने जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

को बहुमत दिया तो 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को धराशायी कर दिया गया। 'एक देश में एक निशान, एक विधान और एक प्रधान' को साकार करने वाली भाजपा की सरकार है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने कहा कि वर्ष 2014, 2019 और वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा कार्यकर्ताओं ने 100 प्रतिशत नतीजे हासिल किए। यह देश का सौभाग्य है कि लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी है। यह घटना 60 वर्षों के बाद हुई है। भाजपा कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास और मेहनत के बाद ये संभव हुआ है। भाजपा ने एक लंबी यात्रा तय की है, 2 सांसदों से लेकर आज देश में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने वाली पार्टी बनकर उभरी है। देश में सभी छोटी और बड़ी पार्टियां मिला लें तो लगभग 1500 पार्टियां है लेकिन भाजपा एक मात्र ऐसी पार्टी है जो वैचारिक प्रष्ठभूमि पर खड़ी है। यह पार्टी भाई-भतीजावाद से दूर मां भारती की सेवा में लगे समान्य कार्यकर्ताओं की पार्टी है। आज जम्मू-कश्मीर की जनता ने परिवारवाद को पीछे छोड़कर परिवार से जुड़े लोगों को नकार दिया है। चुनाव हारने के बाद लोग आत्मचिंतन करते हैं लेकिन कुछ लोग और पार्टियां हारने के बाद भी उल्टी गंगा बहा रही हैं। तीन बार लगातार 100 का आंकड़ा भी पार ना कर पाने वाली पार्टी हार के बाद भी खुशी मना रही है। कांग्रेस पार्टी को पता नहीं है कि चिल्लाने से सफलता नहीं मिलती बल्कि लोगों के दिल जीतने से सफलता मिलती है।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने कहा कि एक इकोसिस्टम है जो हारने वालों को जीता हुआ बताकर जीतने वालों पर प्रश्न खड़े करता है। 13 राज्यों में कांग्रेस पार्टी की सीटें शून्य हैं। कांग्रेस पार्टी जहां भी जीती है वहां अपने वोटों से नहीं जीती, बल्कि दूसरी पार्टियों के वोटों पर जीती है। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और गुजरात की 64 सीटों पर सीधी लड़ाई में कांग्रेस पार्टी को केवल 2 सीटें मिली हैं जबकि भाजपा को 62 सीटें मिली हैं। कांग्रेस पार्टी जिस पार्टी के साथ होती है, उसी पार्टी को समाप्त करने का कार्य करती है, जो बैसखियों पर खड़े हैं वह आज चर्चा करें, यह शोभा नहीं देता है। भाजपा एक मात्र पार्टी है जो अपनी विचारधारा पर टिकी है। कांग्रेस पार्टी काभी सेंटर से लेफ्ट, लेफ्ट से राइट, तो कभी राइट से लेफ्ट बन जाती है, इनका कोई वैचारिक आधार नहीं है। भाजपा ने रामजन्मभूमि के लिए अनेकों आंदोलन किए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी हुई, जिसे पूरे विश्व ने देखा। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका साथ और सबका विश्वास' के रूप में चरितार्थ किया है।

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने कहा कि संवैधानिक दृष्टिकोण से जम्मू-कश्मीर में जो मूल परिवर्तन आए हैं, उसमें भाजपा का विशेष योगदान है। आज दलित और पिछड़े भाई-बहनों को वोट देने का अधिकार प्राप्त हुआ है। आने वाले समय में जम्मू के किसी भी व्यक्ति को काम के लिए पलायन नहीं करना पड़ेगा। विपक्ष के कार्यकाल में तुष्टीकरण और परिवारवाद की राजनीति होती थी, सभी राजनैतिक दल परिवारवाद में लिप्त थे। देश में पहले रिमोट कंट्रोल की सरकार चलती थी, प्रधानमंत्री कोई और था और रिमोट कंट्रोल किसी और के हाथ में था। विपक्ष के शासन में भारत के प्रधानमंत्री की प्रतिष्ठा को ताक पर रखा गया, देश में आतंकवादियों का बोलबाला था। पुंछ और रजौरी में आए दिन गोलियां चलती थी, हमारे जवान शहीद हो जाते थे, लेकिन तत्कालीन केंद्र की सरकार पूरे मामले में गंभीरता नहीं दिखाती थी। 2014 में मोदी सरकार आने के बाद देश के हालात बदले और आज देश के जवान आतंकवाद का डटकर सामना कर रहे हैं। आज अगर देश की सीमा में कोई भी आतंकवादी प्रवेश करता है तो उसका मृत शरीर बाहर निकलता है। जिन लोगों को रिमोट कंट्रोल की सरकार पसंद है, उन्हें मोदी जी कभी पसंद नहीं आ सकते।

उन्होंने कहा कि कोविड-19 जैसी महामारी एवं रूस और यूक्रेन युद्ध के बाद जब विश्व के सभी देश आर्थिक संकट से जूझ रहे है, भारत ही एकमात्र ऐसा देश है जो अन्तर्राष्ट्रीय मौद्रिक कोष के अनुसार अर्थनीति के क्षेत्र में वृद्धि कर रहा है। 2013 के बाद भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और जीडीपी में सुधार हुआ है। मोदी सरकार में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.8% हो चुकी है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 10 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में 10वें स्थान से ऊपर उठकर 5वें स्थान पर आ गई है और नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में तीसरे स्थान की अर्थव्यवस्था बन जाएगी। दुनिया की अर्थव्यवस्था में आज भारत की 15% भागीदारी हो गई है। मोदी सरकार के नेतृत्व में जम्मू की तकदीर बदली है और एक बदलते भारत की तस्वीर सामने आई है। हाई-वे का निर्माण, रोड का निर्माण, एक्सप्रेस वे का निर्माण, चिनाब नदी पर सबसे ऊंचे पुल का निर्माण किया जा रहा है। ●●●

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी को नमन



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के शांति नगर में जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती कार्यक्रम में शामिल हो, उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी को उनकी जयंती पर स्मरण किया।

# 'मन की बात' ही राष्ट्र की भावना है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपने ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के 'मन की बात' की पहली कड़ी का श्रवण भाजपा के सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने की। अब तक 111वीं 'मन की बात' का प्रसारण हो चुका है। छत्तीसगढ़ के सभी शक्ति व बूथ केंद्रों में 'मन की बात' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव ने केशकाल विधानसभा क्षेत्र के बूथ क्र. 26 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' क्षेत्रवासियों के साथ सुनी। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री देव ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम सुनने से देशवासियों में एक अलग ऊर्जा का संचार होता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री जी ने पूरे देश को एक सूत्र पर जोड़े रखा है। देश के आजादी के बाद ऐसे बहुत ही कम कार्यक्रम प्रसारित हुए हैं जिनकी चर्चा सर्वत्र है।






## मुख्यमंत्री साय ने सुनी 'मन की बात'

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी के स्वदेशी भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के "मन की बात" कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर प्रधानमंत्री के ओजस्वी उद्बोधन का श्रवण किया। "मन की बात" कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी जी ने अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासियों द्वारा उठाई गई क्रांति "हूल दिवस" पर सभी शहीदों को नमन किया। उन्होंने कहा कि वास्तव में हूल दिवस स्वतंत्रता संग्राम की पहली ऐसी क्रांति थी, जिसने अंग्रेजी हुकूमत की नींद उड़ा दी थी। 30 जून 1855 को 50 हजार आदिवासियों ने अंग्रेजी हुकूमत के कई मिथकों को तोड़ दिया। आजादी का सपना संजोए 20 हजार आदिवासियों ने अपनी प्राणों की आहूति दी। प्रधानमंत्री जी ने पर्यवरण संरक्षण के लिए सभी से "एक पौधा माँ के नाम" लगाने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने भी प्रदेशवासियों से इस अभियान में शामिल होने की अपील की है।

इसी दौरान उन्होंने 'एक पौधा माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी किया व सभी से इस अभियान में शामिल होने की अपील की। कार्यक्रम में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्त्ता एवं आमजन मौजूद रहे।

वहीं, उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम अपने रायपुर स्थित निवास में सुना। रायपुर ग्रामीण विधानसभा के बूथ क्रमांक–271, कौशल्या माता विहार, रायपुर में कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल के नेतृत्व में 'मन की बात' सुनी। भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय रायपुर के तेलीबांधा बूथ क्र. 198 में व मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल रतनपुर खड़गवा, सांसद बृजमोहन रायपुर में, पूर्व मंत्री एवं विधायक अमर अग्रवाल बिलासपुर में, अजय चंद्राकर रायपुर में, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक धरम लाल कौशिक बिल्हा में, मंत्री केदार कश्यप बस्तर में, ओपी चौधरी रायपुर में, आरंग विधायक खुशवंत साहेब आरंग में सहित अलग-अलग तय स्थानों पर पूरे प्रदेश के भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता व आमजनों ने मन की बात सुनी।



# विकसित छत्तीसगढ़ बनाना हमारी प्राथमिकताः किरण देव

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव ने विष्णुदेव साय की सरकार के जनोत्कर्ष योजनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ में हो रहे लगातार विकास पर कहा कि इन 6 महीनों में प्रदेश में बदलाव का बयार दिख रहा है। भाजपा सरकार के 6 माह के कार्यकाल पूर्ण होने पर उनसे **दीप कमल** टीम ने खास बात की।

**Q इन छह महीनों में छत्तीसगढ़ की उन्नति को आप किस तरह से देखते हैं?**

**A** छत्तीसगढ़ में जब से हमारी सरकार बनी है, विकास की अविरल धारा बह रही है। जब हम 2003 में सरकार में आये तो 2018 तक सर्वत्र विकास के जन अभियान को गति मिली। लेकिन जब-जब राज्य में कांग्रेस की सरकार रही है तब-तब विकास के नाम पर कुछ भी नहीं किया। सभी कांग्रेसी 10 जनपथ को खुश करने में लगे रहते थे। जब से चौथी बार हमारी सरकार प्रदेश में बनी है विकास के नये आयाम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में गढ़े जा रहे हैं।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

**Q कांग्रेस की भ्रष्ट नीतियों का भाजपा को कितना लाभ हुआ?**

**A** प्रदेश में कांग्रेस की सरकार भ्रष्टाचार की गंगोत्री बन चुकी थी हर तरफ भ्रष्टचार ही भ्रष्टाचार था। कहीं भी जनसुनवाई नहीं थी और कांग्रेस का एजेंडा ही था कि भ्रष्टाचार का एक अलग मंत्रालय बनाकर कांग्रेसी केवल भ्रष्टाचार में लगे थे। यही कारण है कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस परास्त हुई।

**Q इन 6 महीनों में मोदी जी की गारंटी को पूरा करने क्या किया गया?**

**A** हमने जो वादे किये थे उसे पूरा करने में हमारी सर्वस्पर्शी सरकार जुटी है। इन छह महीनों में मोदी जी की गारंटी को लेकर हमने जो वादे किये उसमें ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। महतारी वंदन से लेकर किसानों के उत्थान, युवाओं की चिंताओं से लेकर हर वर्ग हमारी प्राथमिकता में हैं। जिन्हें लेकर हम लगातार कार्य कर रहे हैं।

**Q डबल इंजन की सरकार से छत्तीसगढ़ को क्या लाभ हो रहा?**

**A** केन्द्र व राज्य में हमारी सरकारें होने से छत्तीसगढ़ के विकास को नवगति मिली है। इससे पूर्व कांग्रेस की सरकार जब थी तब विकास थम गया था और सर्वत्र भ्रष्टाचार ही था। जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार हमारी सरकार बनी है उसका लाभ छत्तीसगढ़ सरकार के माध्यम से प्रदेश की जनता को मिल रहा है।

**Q विकसित छत्तीसगढ़ के विजन डाक्यूमेंट पर भाजपा सरकार की क्या योजना है?**

**A** विकसित भारत का स्वप्न हम सबका है और विकसित छत्तीसगढ़ भी हम सबकी प्राथमिकताओं में हैं। छत्तीसगढ़ का समग्र विकास कैसा हो, इसे लेकर हमारी सरकार ने एक लक्ष्य तय किया है जिसको लेकर हर क्षण हम सब सक्रिय हैं। छत्तीसगढ़ के समग्र विकास की नीति को लेकर हमारी सरकार ने विभाग वार डाक्यूमेंट विजन तैयार कर रही है। जिसका प्रतिफल आने वाले दिनों में दिखेगा। ।•••



विष्णु देव साय

# लौटा खोया भरोसा, आंखों में आई विश्वास की चमक




छत्तीसगढ़ में भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति की विस्तारित बैठक में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव के बाद यह बैठक थोड़े अंतराल पर हुई। इसमें प्रदेश भर के कार्यकर्ता आज राजधानी में बैठ कर पार्टी की उपलब्धियों का उत्सव मनाकर, रीति-नीति पर मंथन किया। पिछले साल इन्हीं दिनों हमारे सभी कार्यकर्तागण पूरे प्रदेश में घूम-घूमकर कांग्रेस के कुशासन के खिलाफ लोगों में अलख जगा रहे थे। उस समय महसूस होता था कि लोगों में गहरा गुस्सा है, उन्हें आवास नहीं दिये गये, उनके घर नल-जल के कनेक्शन नहीं पहुंचे, उनकी कोई सुनवाई नहीं थी। सरकार का अहंकार अपने चरम पर था। पूरा सिस्टम भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया था। कार्यकर्ताओं ने तय कर लिया था 'अब नई सहिबो बदल के रहिबो'। तब के कुशासन के अंधेरे में जनता के बीच उम्मीद की किरण के रूप में 'मोदी गारंटी' सामने आई। उसके बाद कार्यकर्ता बंधु-भगिनी पूरे उत्साह और कर्मठता से मोदी जी की गारंटी को जनता के बीच लेकर गये, फिर जो हुआ, वह छत्तीसगढ़ के इतिहास में सुनहरे अध्याय के रूप में दर्ज हो गया है।

जब प्रदेश में हमारी सरकार आई तो पहली चुनौती जनता के भरोसे को कायम करने की थी। हमने शपथ लेने के अगले दिन से ही इस पर काम करना शुरू किया। 18 लाख परिवारों को हमने आवास देने का निर्णय लिया जो पांच बरस से आवास की बाट जोह रहे थे। मैंने बरसों तक पहाड़ी कोरवा जनजाति के रहवासियों के साथ काम किया है और जानता हूँ कि जशपुर की सर्दी-बरसात में घास-फूस के घरों में रहना कितना कष्टप्रद है। मुझे खुशी है कि हमारा पहला निर्णय इन्हीं के लिए हुआ।

छत्तीसगढ़ महतारी के धान का कटोरा किसान भाइयों के श्रम से भरपूर रहता है। मोदी जी की गारंटी के अनुरूप हमने 3100 रुपए में धान खरीदी की और 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी भी की। 24 लाख 75 हजार किसान भाइयों को धान के समर्थन मूल्य के रूप में 32, 000 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। कृषक उन्नति योजना के 13 हजार 320 करोड़ रुपए भी किसान भाइयों के खाते में अंतरित की गई। यही नहीं 13 लाख किसान भाइयों के खाते में 3,716 करोड़ रुपए बकाया बोनस राशि का भुगतान भी किया गया। कुल मिलाकर 49 हजार करोड़ रुपए की राशि हमारे किसान भाइयों के खाते में हमने अंतरित की है। हम किसान भाइयों के चेहरे पर मुस्कुराहट ला सके हैं। यह हमारे लिए सबसे बड़े संतोष का विषय है।

हमारे छत्तीसगढ़ में तीज त्योहारों की परंपरा है। भाई अपनी बहनों को तीजा के मौके पर भेंट देते हैं। अपनी माताओं-बहनों के श्रम के सम्मान के लिए हमने भेंट स्वरूप महतारी वंदन योजना शुरू की। हर महीने हम 70 लाख विवाहित माताओं-बहनों के खाते में एक हजार रुपए भेजते हैं और अब तक पांच किश्त दे चुके हैं। यह मोदी जी की गारंटी है और मेरा वायदा है कि हर महीने की पहली तारीख को यह राशि पहुंचती रहेगी। मुझे



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...



बहुत खुशी होती है कि पहली तारीख को हमारी माताओं-बहनों के चेहरे की चमक और बढ़ जाती है। एक भाई के रूप में इससे ज्यादा संतोष की क्या बात हो सकती है।

पिछली सरकार ने युवाओं का भी भरोसा तोड़ा था। जिस तरह से पीएससी परीक्षा 2021 में गड़बड़ी हुई, ऐसी गड़बड़ी न कभी देखी, न कभी सुनी थी। युवा पिछली सरकार के समक्ष गिड़गिड़ाते रहे। सरकार के कर्ताधर्ता कहते गये, शिकायत आई तो कार्रवाई होगी। सिविल सेवाओं की भर्ती प्रक्रिया में किया गया भ्रष्टाचार न केवल होनहार युवाओं को अवसर से वंचित कर देता है अपितु सिविल सेवा की गुणवत्ता को भी बुरी तरह से प्रभावित करता है। हमने युवाओं की पीड़ा समझी और पीएससी का प्रकरण जांच के लिए सीबीआई को सौंपा। पिछली सरकार के लचर रवैये के चलते कितने ही युवा आयु सीमा की अर्हता को पार कर गये, हमने इन्हें राहत दी और आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट दी गई।

हम लोग पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की सीख पर चलने वाले लोग हैं। अंत्योदय के लिए काम करते हैं। गरीबों के लिए, पिछड़ों के लिए काम करते हैं। यह बहुत पीड़ा की बात है कि प्रदेश के विपुल प्राकृतिक संसाधन जिनके संतुलित दोहन से प्रदेश के लाखों गरीबों को मुक्ति मिल सकती थी, पिछली सरकार में खनिज सिंडीकेट ने इनसे अपना घर भर लिया।

प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में जब देश डिजिटल गवर्नेंस की राह पर चल रहा है तब पिछली कांग्रेस सरकार ने ऑनलाइन प्रैक्टिस को बदल कर फिर मैनुअल कार्य शुरू कर दिया। कोयले पर 25 रुपए प्रति टन की उगाही कर 540 करोड़ रुपए का घोटाले की राह प्रशस्त कर दी। इसी तरह होलोग्राम लगाकर नकली शराब की बिक्री कर छत्तीसगढ़ को न केवल हजारों करोड़ का घोटाला किया गया, साथ ही नकली शराब देकर लाखों लोगों का स्वास्थ्य खराब करने का गंभीर अपराध किया गया। हमने शराब माफिया को समाप्त कर विदेशी मदिरा खरीदी सीधे उत्पादकों से करने का निर्णय लिया। हमने ऐसा नहीं किया होता तो छत्तीसगढ़ में भी तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि की तरह बड़े हादसे की आशंका बनी रहती जिसमें कई लोग जहरीली शराब पीने की वजह से मारे गये थे। शराब के खेल के साथ ही सट्टा कारोबार भी खूब पनपा। अपने प्राकृतिक संसाधनों, मेहनतकश, सरल, सहज लोगों से अपनी पहचान रखने वाले छत्तीसगढ़ की पहचान दुनिया भर में महादेव एप से हो गई।

हमने डिजिटल गवर्नेंस की पुनः स्थापना की। आईटी टूल्स के माध्यम से विभागों में पारदर्शिता बढ़ाई। अटल मानिटरिंग एप के माध्यम से फ्लैगशिप योजनाओं की मानिटरिंग हम सुनिश्चित कर रहे हैं। सुशासन एवं अभिसरण विभाग की स्थापना कर हम सुशासन एवं नवाचार को प्रशासन के हर स्तर पर अपना रहे हैं। हमने विकसित छत्तीसगढ़ का लक्ष्य रखा है और इसके लिए विजन 2047 तैयार कर रहे हैं। आप सभी की मेहनत और छत्तीसगढ़ की जनता की भागीदारी से निश्चित रूप से हम यह सपना पूरा कर सकेंगे। बीते साढ़े छह महीनों में जिस तरह से माओवादियों पर जिस तरह से कड़ा प्रहार किया गया है उससे निश्चित रूप से आम जनता को यह भरोसा हो गया है कि छत्तीसगढ़ में माओवाद का उन्मूलन अतिशीघ्र हो जाएगा। नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से हम सुरक्षा के साथ विकास का संदेश भी आम जनता तक ले जाने में सफल रहे हैं।

कुल मिलाकर इन साढ़े छह महीनों में जनता का भरोसा लौट आया है। लोकसभा चुनावों में हमारे सभी कार्यकर्ताओं ने कड़ी मेहनत की जिसका प्रतिसाद हमें मिला और हमने छत्तीसगढ़ से 10 सांसद भेजकर मोदी जी के हाथ मजबूत किये।

हमें याद रखना है कि देश एक ऐसे दौर से गुजर रहा है जहां नकारात्मक शक्तियां दुष्प्रचार फैलाने में लगी हुई हैं। जिनके पुरखों ने बाबा साहेब के संविधान को इमरजेंसी के दौरान ताक पर रखकर आतंक का राज कायम किया, वे आज संविधान की दुहाई दे रहे हैं। यह उन्हें शोभा नहीं देता। विविधता में एकता हमारे भारतीय समाज की शक्ति है। देश में कुछ ऐसे तत्व हैं जो हमारे सामाजिक ताने-बाने को नष्ट करना चाहते हैं। हमें निरंतर उनके इस षड़यंत्र को तोड़ने और राष्ट्र निर्माण के काम में लगना होगा। 22 जनवरी को पांच सौ बरसों के संघर्ष के पश्चात अयोध्या धाम में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है। राम मंदिर के लिए किया गया यह आंदोलन हमारे पुरखों का संघर्ष है। 22 जनवरी को देश की सांस्कृतिक गरिमा की पुनर्स्थापना हुई और रामराज्य के आदर्शों को पूरा करने हम नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़े हैं।

आज जब उत्साह से भरपूर वातावरण में जब हमारी पार्टी के कार्यकर्ता प्रदेश भर से विस्तारित कार्यसमिति में भाग लेने आए हैं, तब उपरोक्त वर्णित उपलब्धियों का हिसाब-किताब अपने लोगों को देते हुए अति आनंद का अनुभव कर रहा हूँ। हालांकि यह भी सच है कि अभी तो यह शुरुआत है। अभी तो हमें बिना रुके, थके मीलों आगे चलना है। इस अवसर पर हम का यही साझा लक्ष्य है कि 'विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़' को पूरा करने जी-जान से जुटना है। हनुमान जी की तरह ही 'रामकाज किन्हें बिनु मोहि कहां विश्राम' की तर्ज पर राष्ट्र निर्माण के काम में जुट जाना है। हमें रामसेतु निर्माण की तरह राष्ट्र निर्माण का काम करना है। हम यह काम पूरे उत्साह से, लगन से करेंगे। भाजपा का हर कार्यकर्ता इस कार्य के लिए जुटा है और हम निश्चित रूप से ही विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के निर्माण का यह संकल्प भाजपा ही पूरा करेगी। ●●●

**-लेखक, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री हैं।**



अरुण साव

# जन सहभागिता से प्रगति पथ पर अग्रसर छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए भाजपा सिर्फ एक राजनीतिक दल मात्र नहीं अपितु एक परिवार की तरह है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में राज्य के गठन से लेकर इस प्रदेश के विकास व जनआकांक्षाओं को यदि किसी ने समझने का कार्य किया है तो वह इकलौती भाजपा है। राज्य निर्माण के बाद हुए पहले विधानसभा चुनाव में ही हमारी पार्टी को को जनता-जनार्दन का आशीर्वाद मिला और हम राज्य में सरकार बनाने में सफल हुए। प्रदेश के नागरिकों की सेवा के इस अवसर को हमने राजनीतिक प्रतिबद्धता से भरोसे और विश्वसनीयता का आवरण दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि लगभग तीन दशक तक भाजपा ने राज्य के विकास को नया आयाम दिया। छत्तीसगढ़ की भोली भाली जनता को कांग्रेस ने झूठ और भ्रम में डालकर कांग्रेस सत्ता में जरुर आई लेकिन उसने प्रदेशवासियों के भरोसे को तोड़ने के साथ उन्हें गुमराह करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। यही वजह है कि राज्य के तीन करोड़ नागरिकों ने भाजपा को पिछले विधानसभा चुनाव में पुनः सेवा का अवसर प्रदान किया। हम जनता के इस भरोसे पर खरा उतरने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा से पीछे नहीं हटेंगे। सरकार के छह महीने में ही हमने मोदीजी की तमाम गारंटियों को पूरा करके राजनीतिक प्रतिबद्धता को भरोसे का आयाम दिया है। भाजपा सरकार के गठन के बाद ही विकास की गति को तेज करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी गई है। हर स्तर पर विकसित छत्तीसगढ़ के सपने को पूरा करने के लिए प्रमुखता के साथ हम सब जुटे हैं।

हमने बेहतर पेयजल की सुविधा के लिए केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल मिशन योजना को 100 प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन प्रदान करने के लिए 1253 गांवों का चयन किया है। राज्य के 451 बसाहटों में एकल पेयजल स्रोत मुहैया कराने के लिए 19.72 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। वहीं जल जीवन मिशन के तहत 9 समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत 849.15 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। जल जीवन मिशन के राष्ट्रीय मापदंड के मुताबिक 75 प्रतिशत कार्यरत घरेलू नल कनेक्शन में उच्च उपलब्धि की श्रेणी प्राप्त कर 78.30 प्रतिशत की उपलब्धि दर्ज करा ली है।

भारतरत्न प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में इस राष्ट्र में सुगम यातायात-विकसित राष्ट्र के योजना को केंद्रित करते हुए पूरे देश में सड़कों का जाल बिछाया गया। इस अभियान के जनक भारतरत्न अटल जी को ही माना जाता है। उस स्वप्न को अब पूरा करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता व केंद्रीय सड़क निर्माण मंत्री नितीन गडकरी की गंभीर कार्ययोजना ने पूरे राष्ट्र को पथ के माध्यम से प्रगति से जोड़ा है। इस दिशा में छत्तीसगढ़ में भी सड़कों के चौड़ीकरण व उन्नयन के लिए केंद्र सरकार ने 2024-25 के वर्ष में 18 कार्यों को शामिल किया है, जिसकी लंबाई 253.21 किमी है, जिसकी लागत 3289 करोड़ है। इसके साथ ही आगामी वर्ष के लिए प्रस्तावित योजना को सर्वेक्षण के कार्य सूची में शामिल किया गया है। ऐसे 8 कार्य हैं, जिनकी लंबाई 1006 किमी है, जिसकी प्रस्तावित राशि 35 करोड़ रुपए है।

इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा इन छह महीने में 219 सड़क निर्माण के कार्य पूर्ण किया जा चुके हैं। इसके साथ ही 71 भवन निर्माण का कार्य हो चुके हैं। 27 सेतु बनाए गए हैं। करीब विभिन्न योजनाओं में प्रदेश के 948.4 की सड़कों की डामरीकृत व सुदृढ़करण का कार्य पूर्ण हो चुका है। विकसित छत्तीसगढ़ के रोड प्लान को ध्यान में रखते हुए 2023 की कार्ययोजना बनाई जा रही है।

इसके साथ ही नगरीय निकाय के विभिन्न योजनाओं के माध्यम से शहरीय क्षेत्र के विकास को लेकर कई योजनाएं संचालित है इसके क्रियानवयन को लेकर कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य की विकास के लिए केंद्र सरकार का पूर्ण सहयोग है। हमारे संकल्पों का छत्तीसगढ़ कैसा हो इसकी दीर्घकालिक कार्ययोजना को व्यावहारिक धरातल पर सफल बनाया जा रहा है। समाज के अंतिम व्यक्ति का अंत्योदय भाजपा की सरकारों की पहली प्राथमिकता होती है। छत्तीसगढ़ की डबल इंजन सरकार में गरीब, किसान, आदिवासी, महिला, युवा और पिछड़े वर्ग के उत्थान को लेकर किए जा रहे प्रयासों में इसे परिलक्षित होते देखना सुखद है। विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय जननेता प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन पर छत्तीसगढ़ के हर नागरिक, गांव, शहर को बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। इससे प्रदेश की प्रगति को नवगति मिल रही है। चरैवेति-चरैवेति के मंत्र पर हम जैसे-जैसे आगे बढ़ेंगे अटल जी के संकल्पों के निकट होंगे। छत्तीसगढ़ को विकासित छत्तीसगढ़ बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना को हम साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। विकसित छत्तीसगढ़ की इस यात्रा में प्रदेश के प्रत्येक नागरिक की सक्रिय सहभागिता प्रमुख आधार है। ■

**-लेखक, छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री हैं।**



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

# नक्सलवाद : संवाद से समाधान में हमारा विश्वास



**विजय शर्मा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्र को नक्सल मुक्त करने का जो संकल्प लिया है उस अभियान में हमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सफलता मिल रही है। नक्सलवाद के विरुद्ध जिस तरह स्थानीय समाज का जो सहयोग पुलिस व प्रशासन को प्राप्त हो रहा है, वह विकास के प्रति जन सहभागीता का अद्भुत उदाहरण है। इसमें कोई दो मत नहीं कि राष्ट्र विरोधी ताकतों के कारण विकास की जो योजनाएं थम सी गई थी। कांग्रेस ने हमेशा नक्सलवाद को पोसने का कार्य किया है। दिसंबर 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिले ऐतिहासिक जनादेश के बाद पुनः जनकल्याणकारी योजनाओं को गति प्रदान की जा रही है।

कांग्रेस के कुशासन से मुक्ति मिलते ही इन छह महीनों में समाज के अंतिम कतार तक सुशासन की धवल किरणें खुशहाली लेकर आई हैं। वामपंथी उग्रवाद ने संसाधनों व संभावनाओं से परिपूर्ण छत्तीसगढ़ को कलंकित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अब इस रक्तरंजित विचारधारा कानून एवं व्यवस्था के साथ सुशासन के मोर्चे पर हम पराजित कर रहे हैं। एक ओर हमारे जवानों के हौसले बुलंद हैं वहीं नियद नेल्लानार, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर जल योजना, तेंदुपत्ता श्रमिकों के संग्रहण राशि में वृद्धि जैसी योजनाओं ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का कायाकल्प किया है। छत्तीसगढ़ का स्थानीय समाज कभी भी इस विचारधारा के साथ नहीं रहा, वह सिर्फ विकास चाहता है। हालांकि, छद्म नक्सली समाज को बहकाने की कोशिश लगातार करते रहते हैं। केंद्र और राज्य की सुरक्षा एजेंसियां शहरी नक्सली नेटवर्क पर भी नजर बनाए हुए हैं, लेकिन ऐसे लोगों को स्थानीय समाज को भी पहचानना होगा।

नक्सलवाद का कोई सिद्धांत नहीं है। वह केवल भय का बाजार खड़ा कर अपने अस्तित्व को बचाने में जुटे हैं, जिसे हमारे जवान, अर्थ सैनिक बल हर मोर्चे पर परास्त कर रहे हैं। वह दिन दूर नहीं जब समूचा राष्ट्र नक्सल मुक्त होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह हमेशा राष्ट्र विरोधी ताकतों के विरूद्ध कारगर व निर्णायक लड़ाई लड़ने के पक्षधर हैं। लगातार नक्सली अपने कथित विचारधारा को छोड़कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ते जा रहे हैं, जिसके कारण नक्सलियों का खेमा कमजोर हो रहा है। जब से हमारी सरकार बनी है जब से अब तक हमें सार्थक परिणाम नक्सलियों के खिलाफ मिल रहा है।

1 दिसंबर 2023 से अब तक नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में 142 नक्सली मारे गए हैं। वहीं 596 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है और 505 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इस दौरान हमारे 17 जवान शहीद हुए हैं। करीब 95 मुठभेड़ हुए हैं। वहीं 44 विस्फोट का मामला दर्ज किया गया है। नक्सलियों के इस कथित लड़ाई के बीच हमारे 34 आम नागरिक शहीद हुए हैं, 89 पुलिस बल व 14 आम नागरिक घायल हुए हैं। 204 माइंस की जब्तियां हुई हैं व 174 नग हथियार बरामद किया गया है। नक्सल समस्या के विरुद्ध लड़ाई में अर्धसैनिक बलों तथा स्थानीय पुलिस के बीच समन्वय महत्वपूर्ण मुद्दा रहा है। गृह मंत्री अमित शाह ने खुद नक्सल प्रभावित राज्यों के पुलिस महानिदेशकों तथा अर्धसैनिक बलों के बीच समन्वय सुदृढ़ करने की जो पहल व्यक्तिगत स्तर पर की, उससे जवानों का मनोबल भी बढ़ा है। इससे सूचनाएं के आदान-प्रदान जहां प्रभावी हुआ वहीं जिला पुलिस बल तथा अर्धसैनिक बलों के प्रयास भी एकीकृत होकर आगे बढ़े हैं। खास बात ये है कि नक्सल विरोधी मुहिम को सुशासन ने सामाजिक स्वीकार्यता प्रदान की है।

भाजपा की सरकार हमेशा संवाद से समाधान पर विश्वास करती है। हां, इसके लिए हिंसा का रास्ता छोड़ना होगा। बातचीत से बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान संभव है, लेकिन समाज को गुमराह करने वाला दोहरा चरित्र किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपने कथित विचार से युवाओं को भटकाकर अपने गिरोह में फंसाने का जो प्रयास नक्सली करते हैं उस पर भी अंकुश लगा है। युवा शक्ति हमारे साथ राष्ट्र विकास के पुनित कार्यों में जुड़ा है। प्रदेश के युवा विकसित छत्तीसगढ़ के साक्षी बन रहे हैं।

प्रदेश के जिन स्थानों को कथित तौर पर नक्सलियों की नर्सरी कही जाती थी वहां पर अब हमारी सरकार के विश्वास और विकास की योजनाओं के चलते तस्वीरें कुछ और है। विश्वास की अटूट कड़ी से हम जनभावनाओं को जोड़कर विकास के एक महायज्ञ में अपनी पूर्ण आहूति दे रहे हैं। उस शाम की सुबह भी होगी जो उम्मीदों की किरण लेकर आएगी और नक्सलवाद पूर्णतः अस्त हो जाएगा। वह दिन दूर रहीं जब फिर से मांढर की थाप, घोटूलों में लोकगीत की गुंज सुनाई देगी और नक्सलवाद के कथित स्वर का कहीं स्थान नहीं होगा। लोकतंत्र के प्रति सबका विश्वास और भी मजबूत होगा। ।•••

*-लेखक, छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री हैं।*

# सुशासन का नया दौर

छत्तीसगढ़ में भाजपा की डबल इंजन सरकार ने छह महीने में ही गरीब, किसान, आदिवासी, महिलाओं तथा युवाओं के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर सुशासन से समृद्धि का मंगलाचरण प्रस्तुत किया है। सरकार के प्रत्येक निर्णय के मूल में अंत्योदय का वैचारिक अधिष्ठान है। आइए जानते हैं कैसे सुशासन की यह बयार कैसे प्रदेश के 3 करोड़ नागरिकों के जीवन स्तर में गुणवत्ता लेकर आई है।


13 दिसंबर 2023 को मुख्यमंत्री के रूप में विष्णु देव साय का शपथ ग्रहण, छत्तीसगढ़ में सुशासन का वह सूर्योदय था, जिसके प्रकाश में जनकल्याण का एक ऐसा सर्वस्पर्शी मॉडल खड़ा हो रहा है, जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी द्वारा प्रतिपादित दर्शन अंत्योदय की फलश्रुति है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की संकल्पना की व्यावहारिक परिणिती। 3 करोड़ छत्तीसगढ़ वासियों के लिए भाजपा एक राजनीतिक दल मात्र नहीं यह उनके सामाजिक, आर्थिक व स्वत्व का वैचारिक अधिष्ठान है। 2000 में पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार द्वारा राज्य के गठन का निर्णय सिर्फ विधायी नहीं अपितु यहां के विकास व जनआकांक्षाओं की संतृप्ति को लेकर भाजपा की प्रतिबद्धता भी थी। 2004 से 2018 तक राज्य में डॉ. रमन सिंह जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के नवनिर्माण का जो कार्य डेढ़ दशकों तक अनवरत जारी रहा, उसे प्रदेश की भोली-भाली जनता को गुमराह करके कांग्रेस ने पांच साल व उससे पूर्व के भी (2000-2003, 2018-2023) कार्यकाल में बाधित करने की कोई कसर नहीं छोड़ी। इस दौरान भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के जरिए दस जनपथ को खुश करने के लिए कांग्रेस सरकार ने राज्य के संसाधनों में खूली सेंध लगाई।





राज्य लोक सेवा आयोग (पीएससी) की सीट से लेकर कोयला, गोबर, शराब हर उस चीज को कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के जरिए निगलने का काम किया जिससे दिल्ली दरबार के स्वार्थ साधे जा सकें। प्रदेश की निश्छल जनता-जनार्दन ने कांग्रेस को राज्य की सेवा का एक अवसर दिया था, लेकिन कांग्रेस ने अपने कृत्यों से उसे निराश ही नहीं व्यथित भी किया। अंततः पांच साल बाद प्रदेश के मतदाताओं ने राज्य के विकास में नींव से लेकर सुंदर फलक गढ़ने वाली भाजपा व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व पर भरोसा किया और पुनः अंत्योदय के वाहकों को छत्तीसगढ़ संवारने की जिम्मेदारी दी है।

छत्तीसगढ़ में भाजपा की वर्तमान सरकार को अभी छह महीने ही हुआ है। यह बात सच है कि किसी भी अन्य राजनीतिक दल व पॉलिटिकल पंडितों के लिए यह समय सरकार के मूल्यांकन की मानक अवधि नहीं है। लेकिन भाजपा और उसका प्रत्येक घटक राजनीतिक



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

शुचिता को ही आचारण की संहिता मानता है। श्रद्धेय अटल जी से लेकर विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश में जिस जवाबदेही (अकाउंटिबिलिटी) की राजनीति को जन्म दिया है, उससे शासन तंत्र में सुशासन की गरिमा बढ़ी है। इसमें जनता के मुद्दों से पलायनवादी नेताओं व उनके दलों के लिए पुनर्मूल्यांकन का संदेश भी छिपा है। छत्तीसगढ़ के विकास को लेकर समर्पित मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनकी कैबिनेट तथा प्रदेश के प्रत्येक कार्यकर्ता जिस प्रतिबद्धता के साथ अग्रसर हैं, उससे समाज का प्रत्येक वर्ग राष्ट्रीयता से ओतप्रोत विचारधारा का अगुआ बनकर सामने आया है। छत्तीसगढ़ की डबल इंजन सरकार ने राज्य को आगे ले जाने के लिए समावेशी, सर्वस्पर्शी और सामूहिक भागीदारी आधारित सुशासन का ऐसा मॉडल विकसित किया है, जिसमें गरीब, किसान, आदिवासी, युवा और महिलाओं के साथ ही समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी है।

## किसानों की बढ़ी आय

छत्तीसगढ़ में धान की फसल यहां के किसानों के लिए सिर्फ आजीविका नहीं, बल्कि आर्थिक व सामाजिक जीवन का आधार है। धान की फसल उनके जीवन में अनेक खुशियों की सेतु बनती है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा किसान, गरीब, पिछड़े व दलितों के उत्थान को पहली प्राथमिकता दी है। उनके नेतृत्व में 2023 के अंत में हुए विधानसभा चुनाव में प्रदेश के किसानों ने धान के बोनस और बकाये के भुगतान को लेकर मोदी की प्रत्येक गारंटी पर इसलिए भी भरोसा जताया क्योंकि वह और उनकी अगुआई वाली भाजपा जो कहती है, उसे शत-प्रतिशत पूरा करती है। सरकार बनने के महज तीन महीने के भीतर ही श्री विष्णुदेव साय की सरकार ने 3100 रुपये प्रति क्विंटल पर धान खरीदी की मोदी की गारंटी को पूरा कर देश में किसानों को धान का सर्वाधिक समर्थन मूल्य देने का कीर्तिमान रचा है। खरीफ सीजन 2023 में किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ (3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से) 147 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी हुई। इस तरह छत्तीसगढ़ ने देश में धान की खरीदी का रिकॉर्ड कायम किया है। राज्य में 13 लाख किसानों के

## 24 घंटे में 18 लाख गरीबों को घर

समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के कल्याण को लेकर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार की प्रतिबद्धता को इसी बात से परखा जा सकता है कि सरकार के गठन के अगले ही दिन 14 दिसंबर 2023 को पहली कैबिनेट में भाजपा सरकार ने 18 लाख 12,743 गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास देने का निर्णय लिया। योजना के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए आवश्यक धनराशि का भी प्रावधान किया गया। वर्तमान में लगभग 15 लाख आवास के निर्माण को स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। राज्य के मुख्यमंत्री ने स्वयं संकल्प लिया था कि जब तक गरीबों के आवास से जुड़ी फाइल पर वह दस्तखत नहीं कर देंगे सीएम आवास में प्रवेश नहीं करेंगे। सरकार बनने के सिर्फ 24 घंटे के भीतर गरीबों के हक में लिया गया यह फैसला सुशासन के मंगलाचरण के रूप में याद किया जाएगा।



**15 लाख आवास के निर्माण को मिल चुकी है स्वीकृति**



## छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्य बनाने की ओर अग्रसर



*छत्तीसगढ़ को विकास के प्रत्येक मानक में हम देश का अग्रणी राज्य बनाने की ओर अग्रसर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत जल्द ही विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा होगा। देश के सर्वांगीण विकास की इस यात्रा में छत्तीसगढ़ को अग्रणी पायदान पर खड़ा करने के लक्ष्य पर हम कार्य कर रहे हैं।*

**-विष्णु देव साय,**
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## सुशासन की दिशा में हम लगातार बढ़ रहे हैं




*सिर्फ छह महीने में भाजपा की सरकार ने सुशासन की दिशा में जिस प्रकार के कार्य किया है, उससे राज्य में हमारी नीतियों के प्रति लोगों में स्वीकार्यता और भरोसा लगातार बढ़ रहा है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राज्य के विकास को लेकर कृत संकल्पित है।*

**-किरण देव,**
भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, छत्तीसगढ़

खाते में धान के दो वर्ष के बकाया बोनस के रूप में 3,716 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए जा चुके हैं। कृषक उन्नति योजना के जरिए किसानों को धान खरीदी की अंतर राशि 13,320 करोड़ रुपये प्रदान किए जा रहे हैं। 24.72 लाख से अधिक किसान विष्णु देव साय सरकार की योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। किसानों के खाते में सीधे नगद लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के जरिए पैसा भेजा जा रहा है, जो भ्रष्टाचार को शून्य करने के साथ सुशासन को नया आयाम दे रहा है। किसानों को आय के अतिरिक्त साधन मुहैया कराने के लिए कृषि आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। कृषि क्षेत्र से जुड़े श्रमिकों के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर योजना प्रारंभ की गई है, इसके अंतर्गत प्रत्येक परिवार को 10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके लिए 500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। प्रदेश में खाद्य सुरक्षा के जरिए कुपोषण के विरुद्ध लड़ी जा रही जंग में प्रधानमंत्री मुफ्त राशन योजना का अहम साबित हो रही है। छत्तीसगढ़ में 69.92 लाख गरीब परिवारों को आगामी पांच वर्ष तक राशन दिए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए विष्णु देव साय सरकार ने 3,400 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया है। आत्मनिर्भर भारत अभियान गांव की आत्मनिर्भरता के बिना संभव नहीं है। ग्रामीण अर्थतंत्र को मजबूती देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने यूनिटी मॉल की स्थापना करने जा रही है, इसके लिए 80 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।





भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

# महतारी वंदन से महिला सशक्तिकरण



भाजपा की सरकारों के लिए अंत्योदय सिर्फ एक आह्वान नहीं है, यह उनके द्वारा बनाई जाने वाली जनकल्याणकारी नीतियों का वैचारिक आधार है। 12 मार्च 2024 की तारीख छत्तीसगढ़ के इतिहास में महिला सशक्तिकरण का वह स्वर्णिम अध्याय प्रारंभ हुआ है, जो मातृशक्ति को अधिकार, स्वास्थ्य, पोषण और स्वरोजगार प्रदान करती है। इस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में लगभग 70 लाख से अधिक महिलाओं को महतारी वंदन योजना की 1,000 रुपये की पहली किश्त जारी की गई। प्रत्येक माह, समय पर, अब तक पांच किश्त जारी हो चुकी हैं। प्रदेश में जुलाई 2024 को कुल 69 लाख 96 हजार 556 हितग्राहियों को 653 करोड़ 85 लाख रूपए की पांचवी किश्त की राशि का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में भेजी गई। इनमें से 66 लाख 16 हजार 618 हितग्राहियों को आधार लिंक खातों के आधार पर डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया गया। 3 लाख 79 हजार 938 हितग्राहियों जिनके खाते आधार से लिंक नहीं है, उन्हें एनईएफटी के माध्यम से उनके खाते में भुगतान किया जा रहा है। किसान सम्मान निधि और महतारी वंदन जैसी योजनाएं राज्य की अर्थव्यवस्था में मांग सृजित कर रही हैं। यह महिला हूं लड़ सकती हूं जैसे नारे उछाल कर पॉलिटिकल पिकनिक करने वाले नेताओं और उनकी पार्टी के लिए इसलिए भी एक सबक होना चाहिए कि जनता का भरोसा झूठ और दिखावे से नहीं बल्कि भरोसे और कथनी-करनी में समानता से जीता जाता है।



## छत्तीसगढ़ की नीतियों की देशभर में चर्चा है



*छत्तीसगढ़ ने पिछले छह माह में मानवीय विकास के सभी मानकों पर तेजी से विकास किया है। कांग्रेस के 5 वर्षों के कार्यकाल में यही राज्य भ्रष्टाचार, ऑनलाइन महादेव सट्टा, पीएससी, कोयला, शराब घोटाले के लिए चर्चा में था, पर आज छत्तीसगढ़ की जनकल्याणकारी नीतियों की देशभर में चर्चा है।*

**-अरुण साव,**
उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## वामपंथी उग्रवाद अब अंतिम सांस ले रहा



*छह महीने के भीतर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, व राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नक्सलवाद के विरुद्ध जिस तरह कार्रवाई हुई है, उससे वामपंथी उग्रवाद अब अंतिम सांस ले रहा है। माओवादी उग्रवाद को कानून एवं व्यवस्था के साथ सुशासन के जरिए परास्त करेंगे।*

**-विजय शर्मा**
उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## 3100 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीदी का कीर्तिमान



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित छत्तीसगढ़ विजन को राज्य की विष्णु देव साय की सरकार प्रभावी निर्णयों से साकार कर रही है। राज्य में धान का बकाया बोनस, अंतर राशि व 3100 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीदी का कीर्तिमान रचा गया है।*

**-राम विचार नेताम,**
मंत्री, आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण

## प्रदेश के हर वर्ग का हो रहा विकास



*छत्तीसगढ़ में बदलाव की बयार प्रत्यक्ष रूप से देखी जा सकती है। प्रदेश में जिस तरह से विकास हो रहा है, उसे जनसमर्थन प्राप्त है। किसानों, महिलाओं, युवाओं के साथ हमने जो भी वादे चुनाव के दौरान किए थे, उन्हें रिकॉर्ड समय में भाजपा सरकार ने तेज गति से पूरा किया गया है।*

**-दयाल दास बघेल,**
मंत्री, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

# भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस

छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार एक ओर सुशासन की दिशा में नीतिगत कदम उठा रही है, वहीं भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति ने गिरोह की शक्ल में राजनीति करने वाले सियासी दलों के पैर तले जमीन खिसका दी है। सरकार बनने के कुछ दिनों के भीतर पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच की सिफारिश कर सरकार ने साफ संकेत दे दिया है कि वह युवाओं के सपनों का सौदा करने वाले नेताओं और अफसरों पर जरा भी रियायत नहीं देगी, चाहे वह कितने भी रसूखदार क्यों न हों। पीएससी घोटाले में एफआईआर दर्ज हो चुकी है। छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुए कोयला, शराब, महादेव सट्टा एप घोटाले में भी एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। कोयला घोटाले में एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) और ईओडब्ल्यू जहां जांच कर रही हैं वहीं घोटाले के आरोप में कई अफसर जेल की हवा खा रहे हैं। प्रदेश में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में कई अधिकारियों पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम





के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। कांग्रेस राज में हुए 2 हजार करोड़ रुपए के शराब घोटाले पर प्रवर्तन निदेशालय और एसीबी जांच कर रही हैं। इस मामले में चार्जशीट भी पेश की जा चुकी है। जांच एजेंसियां आरोपियों की संपत्ति भी कुर्क कर रही हैं। इसी तरह महादेव सट्टा एप में राज्य की जांच एजेंसियां लगातार कार्रवाई कर रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर ऑनलाइन सट्टा के इस खेल में कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

# पूरे हो रहे युवाओं के सपने

प्रदेश के युवाओं को शासकीय भर्तियों में निष्पक्ष और पारदर्शिता से युक्त परीक्षा का वातावरण मिले, इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग की तर्ज पर परीक्षा प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है। इससे भर्ती परीक्षाओं में न सिर्फ युवाओं का भरोसा बढ़ेगा, बल्कि परिश्रम से वह अपने सपनों की उड़ान को पूरी कर सकेंगे। भाजपा सरकार के गठन के पहले महीने में ही विष्णुदेव साय सरकार ने प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों को निर्धारित अधिकमत आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट की अवधि को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया है। अभ्यर्थियों को आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट का लाभ 31 दिसंबर 2028 तक मिलेगा। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ पुलिस के जिला पुलिस बल में आरक्षक संवर्ग में भर्ती के लिए वर्ष 2018 में 2259 रिक्त पदों



पर तथा अक्टूबर 2023 को जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग के 5,967 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया में शामिल पुरूष अभ्यर्थियों को उच्चतर आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट प्रदान की गई है। युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना प्रारंभ की गई है। शासकीय अस्पतालों में लैब टेक्निशियन के 373 पदों पर भर्ती की जा रही है।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

## जनजातीय समाज के जीवन स्तर में गुणवत्ता



तेंदुपत्ता को हरा सोना भी कहा जाता है। आदिवासियों की आजीविका का यह एक प्रमुख आधार है। राज्य में 12.50 लाख से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को बढ़ी हुई संग्रहण दर (5500 रुपये प्रति मानक बोरा) का लाभ प्रदान किया जा रहा है। पूर्व में यह राशि 4000 रुपए प्रति मानक बोरा थी। सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर के लाखों तेंदुपत्ता संग्राहकों का जीवन इस निर्णय से संवर रहा है। हाट बाजारों में कैंप लगाकर लगभग 100 करोड़ रुपए का नगद भुगतान किया जा रहा है। राज्य सरकार ने तेंदुपत्ता का संग्रहण, गुणवत्ता परीक्षण और मानकीकरण की प्रक्रिया को भी पारदर्शी बनाया है। इसी क्रम में तेंदुपत्ता श्रमिकों को चरण पादुकाएं मुहैया कराने के लिए भाजपा सरकार ने 35 करोड़ रुपए का बजटीय आवंटन किया है। संग्राहकों के पंजीकरण को भी सरल बनाया गया है। आदिवासियों को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के क्रम में राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा पीएम जनमन आवास योजना का लाभ विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को मिल रहा है।

## सुशासन की डिजिटल राह

छत्तीसगढ़ डिजिटल अर्थव्यवस्था की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। इसकी बानगी उस वक्त देखने को मिली जब राज्य की नवनिर्वाचित सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रदेश का पहला डिजिटल बजट पेश किया। इससे शासन एवं प्रशासनिक कामकाज में डिजिटल अनुप्रयोग के लिए लोग प्रोत्साहित होंगे। राज्य में कोयले के परिवहन हेतु परमिट और स्वीकृति व्यवस्था मैन्युअल होने से पूर्व की सरकार के कार्यकाल में जमकर भ्रष्टाचार हुआ। ऐसे में विष्णुदेव साय सरकार ने तत्काल इस पूरी व्यवस्था को ऑनलाइन कर भ्रष्टाचार मुक्त शासन की मिसाल पेश की है। प्रदेश में डिजिटल अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने के लिए भारत नेट परियोजना के लिए 66 करोड़ रुपये, पीएम वाणी प्रोजेक्ट के लिए 37 करोड़ रुपये, एकीकृत ई-प्रोक्योरमेंट परियोजना के लिए 15 करोड़ रुपये और अटल डैशबोर्ड के लिए 5 करोड़ रुपये का प्रावधान बजट में किया गया है।



### आदिवासियों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य जारी



*हमारी सरकार ने आदिवासियों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। हम प्रदेश में समावेशी विकास को प्रोत्साहित कर रहे हैं। भाजपा सरकार की नीतियों में सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास का नारा चरितार्थ हो रहा है।*

**-केदार कश्यप,**
मंत्री, वन एवं जलवायु परिवर्तन, संसदीय कार्य, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता

### औद्योगिक विकास को हम संकल्पित हैं



*राज्य में औद्योगिक गतिविधियों के विकास के लिए सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 की स्थापना सुशासन की दिशा में अहम उपक्रम साबित होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने श्रमिकों के मेधावी बच्चों के लिए आर्थिक सहायता समेत अनेक श्रमिक हितैषी निर्णय लिए हैं।*

**-लखन लाल देवांगन,**
मंत्री, वाणिज्य और उद्योग एवं श्रम



## सुशासन का 'जनदर्शन'

राज्य में सुशासन की दिशा में 27 जून 2024 से शुरू जनदर्शन कार्यक्रम सुशासन की दिशा में अनूठी पहल साबित हो रही है। प्रत्येक गुरूवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वयं जनता-जनार्दन से भेंट कर उनकी समस्याओं, सुख-दुख की जानकारी लेकर त्वरित निराकरण करते हैं। सभी शिकायतों और सुझावों को बकायदा रजिस्टर्ड किया जाता है। इस दौरान नागरिकों को टोकन भी दिया जाता है, जिससे शासन द्वारा की जा रही कार्रवाई की मॉनिटरिंग की जा सके। इसमें आवेदक भी समय-समय पर आवेदन पर हुई कार्रवाई की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए बकायदा एक पोर्टल तैयार किया गया है, जिसमें टोकन नंबर दर्ज करते ही प्रगति की जानकारी आवेदक को मिल सकेगी। जनदर्शन की पूरी प्रक्रिया कंप्यूटरीकृत की जा चुकी है।

## प्राधिकरणों के कामकाज में 'पारदर्शिता'

शासन व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के क्रम में 19 जून 2024 को प्रदेश की भाजपा सरकार ने अहम निर्णय लेते हुए राज्य के सभी पांच प्राधिकरणों के कामकाज में बदलाव किया है। बस्तर विकास प्राधिकरण (2004) सरगुजा विकास प्राधिकरण (2004), अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण (2004), छग राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण (2012) और मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण (2019) के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। प्राधिकरणों में स्थानीय विधायकों में से एक को इसका उपाध्यक्ष मनोनित किया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक इन प्राधिकरणों के सदस्य होंगे। इससे प्राधिकरणों के कार्य में पारदर्शिता आएगी। इनके समक्ष आने वाली वित्तीय चुनौतियां दूर होंगी।

## छत्तीसगढ़ विजन @2047 जल्द

विष्णुदेव साय सरकार ने अपने पहले बजट में छत्तीसगढ़ की इकोनॉमी को 10 लाख करोड़ रुपये के स्तर तक ले जाने का रोडमैप प्रस्तुत किया है। 1 नवंबर 2024 को राज्य के स्थापना दिवस के मौके पर सरकार के विजन डॉक्यूमेंट भी प्रस्तुत करेगी। इसमें 2047 तक छत्तीसगढ़ की तरक्की की कार्ययोजना का विस्तृत वर्णन होगा। राज्य सरकार ने बजट में प्रदेश के अर्थतंत्र को गति देने के दस स्तंभ चिन्हित किए हैं। इनमें ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था, तकनीक आधारित सुधार व सुशासन, आधिकारिक पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) को बढ़ाना, प्राकृतिक संसाधनों का उचित प्रबंधन, सेवा क्षेत्र को बढ़ावा, निजी निवेश, बस्तर-सरगुजा की ओर देखो नीति, डिसेंट्रलाइज्ड डेवलपमेंट पॉकेट्स का विकास, छत्तीसगढ़ी संस्कृति को प्रोत्साहन तथा योजनाओं का पारदर्शी क्रियान्वयन पर काम भी शुरू हो चुका है।




### भाजपा सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती है



*हम कांग्रेस के कुशासन से राज्य को सुशासन के पथ पर लेकर आए हैं। सिर्फ 6 महीने में ही मोदीजी की उन सभी गारंटियों को पूरा किया गया है, जिन्हें कांग्रेस असंभव मानती थी। भाजपा की सरकार राजनीतिक प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने वाली सरकार है।*


**-ओपी चौधरी,**
मंत्री, वित्त, वाणिज्यिक कर, आवास एवं पर्यावरण, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी

### प्रदेश वासियों के जीवन में आ रही सुख और समृद्धि



*विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार 3 करोड़ प्रदेश वासियों के जीवन में सुख और समृद्धि लेकर आई है। बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, किसानों को बोनस, रिकॉर्ड धान खरीदी, अंतर राशि देने के साथ महतारी वंदन जैसी योजनाएं जनकल्याण की दिशा में मील का पत्थर हैं।*

**-श्याम बिहारी जायसवाल,**
मंत्री, लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यक्रम



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

## 'माओवाद' पर निर्णायक प्रहार

माओवादी उग्रवाद के विरुद्ध छत्तीसगढ़ मॉडल की सफलता में केंद्रीय बल व स्थानीय पुलिस की आक्रामक और सधी हुई कार्रवाई के साथ बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं को श्रेय जाता है, जो नक्सल प्रभावित गांव में संचालित की जा रही हैं। इनमें नियद नेल्लानार, प्रधानमंत्री जनजाती आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन), आदिवासी ग्रामीण आवास योजना, तेंदुपत्ता संग्रहण की मानक राशि में वृद्धि समेत उन योजनाओं को भी श्रेय जाता है, जिनसे पुलिस व प्रशासन और नक्सल प्रभावित इलाकों में रहने वाले लोगों के बीच दूरी कम हुई है। 16 फरवरी 2024 को शुरू की गई नियद नेल्लानार योजना के जरिए सुदूर नक्सल प्रभावित गांव में दो दर्जन से अधिक जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जा चुका है। पुलिस द्वारा नक्सल प्रभावित गांव में पुलिस कैंप खोले जा रहे हैं। सुकमा के पूवर्ती समेत अन्य स्थानों पर यह पुलिस कैंप कानून व्यवस्था को मजबूती देने के साथ सुशासन के प्रकल्प बनकर उभरे हैं। मुख्यमंत्री साय ने सीमावर्ती राज्यों विशेषतः महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश और ओडिशा के साथ बेहतर समन्वय, सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त कार्रवाई तथा संपर्क मार्गों पर सुरक्षा बलों द्वारा सतत निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। इसका सकारात्मक परिणाम सामने है। गृह मंत्री श्री अमित शाह वामपंथी उग्रवाद को समूल नष्ट करने को लेकर न सिर्फ गंभीर हैं बल्कि इसके लिए मोदी सरकार हर संसाधन मुहैया करा रहे हैं। केंद्र सरकार ने 2015 में एक राष्ट्रीय नीति और कार्ययोजना को मंजूरी देकर नक्सलवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस का इरादा साफ कर दिया था। इसके तहत केंद्र सरकार ने विभिन्न मंत्रालयों के जरिए सड़क निर्माण, दूरसंचार, स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने का काम किया है।

## सांस्कृतिक उन्नति की ओर अग्रसर

राज्य की भाजपा सरकार ने अयोध्या स्थित भव्य मंदिर में विराजे रामलला के दर्शन हेतु जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए श्री रामलला दर्शन योजना शुरू की गई। राज्य में राजिम कुंभ (कल्प) का भव्य आयोजन पुनः शुरू कर छत्तीसगढ़ सरकार ने इसे वैश्विक पहचान दी है। इसी तरह धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य में पांच शक्तिपीठों को विकसित करने के लिए पांच करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन किया गया है। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश में एक हजार किलोमीटर लंबी पर्यटन तीर्थ श्रृंखला विकसित की जाएगी। राज्य की रामायण मंडलियों को वित्तीय मदद मुहैया कराने के साथ बस्तर दशहरे को 50 लाख, चित्रकोट के लिए 10 लाख की जगह 25 लाख रुपये, रामाराम मेले के लिए 15 लाख रुपये तथा गोंचा पर्व के लिए 5 लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे। राज्य की आदिवासी संस्कृति के संवर्धन हेतु आदिम भाषाओं के संरक्षण हेतु आदिम भाषा विकास परिषद का गठन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के साथ लोगों के जीवन स्तर में तरक्की और खुशहाली लाने के लिए मोदीजी की प्रत्येक गारंटी राजनीतिक प्रतिबद्धता का अनुष्ठान सिद्ध हो रही हैं। जनकल्याण के इस अनुष्ठान में राज्य के प्रत्येक नागरिक की भागीदारी ने यह साबित कर दिया है कि यदि राजनीतिक इच्छाशक्ति हो तो विकास के नये कीर्तिमान गढ़े जा सकते हैं।।•••



### भाजपा सरकार ने युवाओं के स्वप्न को दी उड़ान



*छत्तीसगढ़ की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने जिस तरह लोगों से वादाखिलाफी की उससे जनता ने उन्हें विधानसभा व लोकसभा चुनाव में घर बैठाने का कार्य किया है। हमारी भाजपा सरकार ने युवाओं के स्वप्न को एक उड़ान दी है। राज्य में ग्राम पंचायत स्तर पर खेल से जुड़ी गतिविधियों के विकास के लिए कार्य हो रहे हैं।*

**-टंकराम वर्मा,**

मंत्री, खेलकूद एवं युवा कल्याण

### महतारी वंदन योजना से सशक्त हो रही महिलाएं



*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के लिए महिलाओं व बच्चों का विकास पहली प्राथमिकता है। प्रदेश में महतारी वंदन योजना आर्थिक व सामाजिक सशक्तीकरण का नया अध्याय लिख रही है। महिलाओं और बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य को विशेष वरीयता दी जा रही है।*

**-लक्ष्मी राजवाड़े,**

मंत्री, महिला, बाल विकास तथा समाज कल्याण

## प्रदेश कार्यसमिति से मिला समन्वय, समरसता और संवाद का मंत्र

# जीत से कार्यकर्ताओं की बढ़ी और जिम्मेदारी




भाजपा छत्तीसगढ़ की वृहद प्रदेश कार्यसमिति का आयोजन 10 जुलाई को रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में किया गया। इस दौरान विधानसभा 2023 एवं लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को मिली जीत पर कार्यकर्ताओं का एक स्वर से अभिनंदन किया गया। प्रदेश कार्यसमिति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई प्रस्ताव भी पारित किया। इस दौरान विभिन्न सत्रों में संगठन को विस्तार देने की आगामी योजनाओं पर मंथन के साथ कार्यकर्ताओं ने समन्वय, समरसता और संवाद के मंत्र पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

केंद्र की मोदी सरकार तथा प्रदेश में विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा संचालित की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से आ रहे बदलाव पर चर्चा-चिंतन...विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान आए अनुभवों का आदान-प्रदान एवं तथ्यों का विश्लेषण तथा शीर्ष नेतृत्व का पाथेय... 2023 के विधानसभा चुनाव और फिर कुछ महीने पहले ही संपन्न हुए आम चुनाव के बाद पहली बार भाजपा छत्तीसगढ़ की वृहद प्रदेश कार्यसमिति रायपुर में आयोजित की गई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति में समाज व संगठन से जुड़े उन तमाम विषयों पर चर्चा हुई, जिनसे विकसित छत्तीसगढ़ का मार्ग प्रशस्त होगा।

मंडल से लेकर प्रदेश स्तर के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न प्रदेश कार्यसमिति में एक ओर पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा की गई वहीं भविष्य की कार्ययोजना पर भी मंथन हुआ। चुनाव के दौरान परिश्रम की पराकाष्ठा से मिली चुनावी जीत से गठित सरकार जब लोगों के जीवन में सुख और समृद्धि की वाहक बनती है तो उसकी संतुष्टि का भाव कार्यकर्ताओं के चेहरे में साफ परिलक्षित होता है। प्रदेश कार्यसमिति में सम्मिलित होने राज्य के कोने-कोने से आए भाजपा कार्यकर्ता जिस तरह केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार द्वारा प्रवाहित सुशासन की अविरल धारा के वाहक बनने प्रतिबद्ध नजर आए, वह सही अर्थों में भाजपा को अन्य राजनीतिक दलों से पृथक बनाता है। इस अवसर पर शीर्ष नेताओं द्वारा मिले मार्गदर्शक पाथेय ने भाजपा कार्यकर्ताओं को न सिर्फ एक दिशा दी है, बल्कि संगठन के समावेशी विस्तार के प्रति संकल्पित भी किया है।







भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

# हिंदूओं को हिंसक बताने लगी कांग्रेस : मनोहर लाल खट्टर

प्रदेश कार्यसमिति को संबोधित करते हुए केंद्रीय ऊर्जा, आवास व शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के तीसरी बार शपथ ग्रहण को ऐतिहासिक घटना बताया। उन्होंने कहा कि पं. जवाहरलाल नेहरू के समय की परिस्थितियां कांग्रेस के लिए अनुकूल थी, कांग्रेस सत्ता पर स्वाभाविक अधिकार मानती थी, जबकि महात्मा गांधीजी ने कांग्रेस को भंग करने का सुझाव दिया था। ऐसे में आज जब राजनीतिक स्वार्थ के लिए कई दल एकजुट हैं, तब नरेंद्र मोदीजी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना अभूतपूर्व व ऐतिहासिक है। यह उनके प्रति जनता के हृदय में बसे अपार स्नेह का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता के लिए किसी भी स्तर का झूठ फैला सकती है। महज 99 सीटें जीतकर कांग्रेस स्पष्ट जनादेश वाली सरकार का अनादर कर रही है। राहुल गांधी और कांग्रेस आज केंद्र की राजग सरकार को अल्पमत की सरकार बताकर झूठ बोल रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि 2004 और 2009 में यूपीए की सरकार में कांग्रेस ने क्रमशः 145 और 206 सीटें हासिल की थी जबकि यूपीए को 225 और 262 सीटें मिली थीं। अल्पमत की इन सरकारों को थर्ड फ्रंट ने समर्थन दिया था। कांग्रेस के युवराज भूल जाते हैं कि 2004 में भी भाजपा की 138 और 2009 में 116 सीट थीं, जो कि इस बार कांग्रेस को मिली सीट से भी अधिक हैं। वहीं 18वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में भी एनडीए 293 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत मिला है, इसमें भाजपा की 240 सीट हैं। नेता प्रतिपक्ष का पद मिलने पर ऐसी अमर्यादित बात राहुल गांधी करने लगे हैं कि हिंदूओं को हिंसक बता रहे हैं। केंद्रीय मंत्री खट्टर ने कहा कि हिंदू हिंसक होते तो श्री राम मंदिर बनने में 500 साल नहीं लगते और धारा 370 को हटाने के लिए इतना इंतजार नहीं करना पड़ता।

# रचात्मक कार्यों से जुटें भाजपा कार्यकर्ता: शिवप्रकाश

बैठक के समापन सत्र में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने मार्गदर्शन करते हुए कहा कि भाजपा सिर्फ सत्ता के लिए सार्वजनिक जीवन में नहीं है। हम समाज में गुणात्मक बदलाव लाने के ध्येय पथ पर चलने वाले लोग हैं। हमारा प्रत्येक मंडल समाजसेवा व समरसता के प्रकल्प की भांति कार्य करे। शिक्षा, पर्यावरण, सामाजिक उत्सव समेत अनेक विषयों पर भाजपा कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता होनी चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के कुछ समय पहले तक छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने की कल्पना कुछ लोगों को नहीं थी। लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने परिश्रम से ही



इस मिथक को तोड़ दिया कि भूपेश बघेल को कोई नहीं हरा सकता। अब हमें भविष्य के रोड मैप पर ध्यान देना है। विपक्ष ने संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने को नॅरेटिव चलाया है। इसका असर कुछ राज्यों में दिखा है। अब हमें अपने कार्य को विस्तारित करना होगा ताकि ऐसे झूठे नॅरेटिव अपना असर ना दिखा सके। आज हमें युवा, किसान, महिला और आदिवासियों व अनुसूचित जाति वर्ग तक संगठन का विस्तार करना होगा। उन्होंने कहा कि संगठन है तो हम सब कुछ हैं। समाज भाजपा के कार्यकर्ता में ही पार्टी, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को देखता है। ऐसे में हमें सार्वजनिक जीवन में शुचिता को प्राथमिकता देनी होगी। संगठन की मंडल इकाई डिजिटल अनुप्रयोग बढ़ाने होंगे। संगठन के कार्य का विस्तार प्रशिक्षण से होता है, इसलिए सामूहिकता पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा दें।





## समन्वय, समरसता और संवाद है संगठन का मंत्रः अजय जम्वाल

प्रदेश कार्य समिति में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में जीत के बाद भी हम सबको परस्पर समन्वय, सामाजिक समरसता और संवाद के साथ आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि अपनी सरकार के कार्यों की अच्छाई सार्वजनिक रूप से करें। भाजपा कार्यकर्ताओं को यह भी चिंतन करना चाहिए कि आखिर हमें ही जनता क्यों सेवा का अवसर देती है। कांग्रेस को जिन अवगुणों के कारण जनता ने सत्ता से हटाया, उनसें हमें दूर रहना है। संगठन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए मंडल व बूथ इकाइयों को सबल बनाएं। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री श्री जम्वाल ने कहा कि आज धर्म और अधर्म का युद्ध चल रहा है। हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारे पास विश्व स्तरीय नेतृत्व है। अभी हाल ही रूस ने हमारे प्रधानमंत्री को रूस के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया है। वह 16-16 घंटे काम कर रहे हैं ताकि कोई भूखा, पिछड़ा, संकटग्रस्त न रहे। हम सब विचारधारा और नेतृत्व पर आस्था रखते हुए समाज के सर्वांगीण विकास की ओर आगे बढ़ें।



## पंचायत और नगरीय निकाय में भगवा लहराएं : नितिन नबीन

प्रदेश कार्यसमिति में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने कहा कि प्रदेश कार्यसमिति में हुई चर्चा और तय कार्ययोजना को जन-जन तक पहुंचाएं। कांग्रेस के खिलाफ हुए चरणबद्ध आंदोलन में कार्यकर्ताओं की सहभागिता ने भाजपा को जीत दिलाई है। लेकिन यह जीत अभी आधा सफर है। हम सरकार सिर्फ सत्ता हासिल करने के लिए ही नहीं बनाते। पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक जब तक भाजपा का झंडा नहीं फहराएगा हमारा सफर अधूरा है। भाजपा प्रदेश प्रभारी श्री नबीन ने कहा कि कांग्रेस के उस वोट बैंक पर हमें सेंध लगानी है जो उसने समाज में झूठ फैलाकर हासिल किया है। उन्होंने कहा कि आज हम सत्ता में हैं लेकिन सरकार चलाने की जिम्मेदारी सिर्फ विधायक, मंत्री, सांसदों की नहीं है हम सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के हित का चिंतन करना होगा। भाजपा की सरकार बनने व चुनावी जीत के साथ कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। हमारी सरकार में प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान होगा, लेकिन हमें अपनी मर्यादा नहीं भूलनी है। हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है।





भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

# भाजपा का पराक्रमी कार्यकर्ता कभी परास्त नहीं होता: विष्णु देव साय



भाजपा छत्तीसगढ़ की वृहद प्रदेश कार्यसमिति में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने संबोधन में विधानसभा चुनाव 2023 तथा लोकसभा चुनाव 2024 में मिली जीत के लिए शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कार्यकर्ताओं के परिश्रम अभिन्दनंदन किया। उन्होंने कहा कि अब हमें डबल इंजन की सरकार में दो और इंजन लगाना है, इसके लिए पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव में भी भगवा लहराना होगा। उन्होंने कहा कि संगठन की बदौलत ही सरकार होती है, इसलिए कार्यकर्ताओं के सुझाव को हमेशा प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा, कि यदि कार्यकर्ता ठान ले तो बड़ी से बड़ी ताकतों को पराजित किया जा सकता है। विधानसभा चुनाव से छह महीने पहले तक कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ में भाजपा को कुछ नहीं समझती थी, लेकिन 7 जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब कहा कि अब नहीं सहिबो बदल के रहिबो तो इस आह्वान ने भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने विधानसभा चुनाव में जो भी गारंटी दी उसे हमारी सरकार ने अत्यंत कम समय में ही पूरा कर दिया है। भाजपा सरकार बनने के 24 घंटे के भीतर 18 लाख गरीब परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के घर स्वीकृत किए गए। हमने 3100 रुपए की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की रिकॉर्ड खरीदी की है। यही नहीं धान का बोनस और अंतर राशि एकमुश्त देकर अन्नदाता को मजबूती दी है। महतारी वंदन की पांच किश्त जारी की जा चुकी है, हर महीने एक हजार रुपए मातृशक्ति के आर्थिक सशक्तिकरण का जरिया बनी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश कार्यसमिति के दौरान कहा कि एक ओर जहां हम सुशासन के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं वहीं भ्रष्टाचारियों पर कोई रियायत नहीं की जाएगी। शराब घोटाला, कोयला और महादेव सट्टा एप चलाने वाले या तो जेल में हैं या जाँच एजेंसियां उन पर एक्शन ले रही हैं। उन्होंने कहा अब कोयले के परिवहन की प्रक्रिया को ऑफलाइन के बजाय ऑनलाइन किया गया है। इसी तरह शराब खरीद-बिक्री के नियम बदले गए हैं, जिससे भ्रष्टाचार न हो सके। हमने सरकार में आते ही पीएससी घोटाले की जाँच सीबीआई को सौंपी है। उन्होंने कहा भाजपा का प्रत्येक घटक विकसित छत्तीसगढ़ के स्वप्न को साकार करने में सकारात्मक भूमिका निभाएगा। उन्होंने मंडल, बूथ, शक्ति केंद्र को मज़बूत बनाने के साथ कार्यसमिति में संगठन विस्तार का जो मंत्र दिया गया, उससे सफल बनाने का आह्वान किया।

## सबसे परिश्रम से ही आया है सार्थक परिणामः किरण सिंह देव

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि यह कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है कि हम लगातार विशाल विजय की ओर हैं और जीत सिलसिला जारी रखना होगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के "एक पौधा मां के नाम" अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा हम सौभाग्यशाली हैं कि प्रदेश और केंद्र में सरकार बनने के बाद मोदीजी की तमाम गारंटियां पूरी हो रही हैं। इन उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए हमें सेतु बनना होगा। लोकसभा और विधानसभा चुनाव के नतीजे के बाद हमारी जिम्मेदारी बढ़ गई है।



## प्रधानमंत्री परिश्रम की परिभाषा को गढ़ रहे हैं : तोखन साहू

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने प्रधानमंत्री पद पर लगातार तीसरी बार आसीन होने पर बधाई प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने पूरे कार्यकाल में एक घंटे की भी छुट्टी नहीं लेकर भ्रष्टाचार मुक्त सरकार दी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास को ऊंचाई दी है, जिससे दुनिया भर में भारत की साख बढ़ी है। केंद्र सरकार ने हमारी विचारधारा से जुड़े प्रत्येक मुद्दे पर कार्य किया है। धारा 370 खत्म करने के साथ ही राम मंदिर का निर्माण करवाया गया है। तीन तलाक पर कानून बनाने और नागरिकता संशोधन विधेयक लाकर देश की तरक्की में सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के मंत्र को साकार किया है।



## जनता का कार्य अब सहज हो गया : अरुण साव

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने इस मौके पर कहा, पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनाव ने भाजपा कार्यकर्ता की ताकत को एक बार फिर प्रमाणित किया है। हमारे एक कार्यकर्ता ईश्वर साहू ने कांग्रेस के दिग्गज मंत्री को परास्त कर दिया। छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं के यश का उल्लेख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी करते हैं। प्रदेश के सुख-दुःख की पहचान सिर्फ भाजपा को है। डेढ़ दशक तक राज्य के विकास को जो ऊंचाई देने का कार्य हुआ उसे कांग्रेस सरकार ने बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। अब प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होने से जनता के कार्य त्वरित हो रहे हैं। पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव एक बड़ा अवसर है, हमें पंचायत से पार्लियामेंट तक भगवा लहराना है।



## उन्नति के राह पर छत्तीसगढ़ है गतिमान : विजय शर्मा


बधाई प्रस्ताव का समर्थन करते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कांग्रेस के 67 वर्षों के शासनकाल की कमियों और 10 वर्षों की मोदी सरकार की उपलब्धियां पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को जल्द ही डेडीकेटेट फ्रंट कॉरिडोर का लाभ मिलेगा। 2014 तक देश में 11 किलोमीटर प्रतिदिन की गति से सड़क निर्माण होता था, आज 28-31 किमी प्रतिदिन सड़क बन रही हैं। 2014 तक देश में 74 एयरपोर्ट थे, आज देश में 148 एयरपोर्ट संचालित हैं। दस साल पहले तक देश में सिर्फ 6 एम्स थे, अब 21 हैं। आज हम रक्षा उत्पाद और मिसाइल का निर्यात कर रहे हैं।



## भाजपा की स्वीकार्यता हर तरफ बढ़ी : शिवरतन शर्मा

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री शिवरतन शर्मा ने राजनीतिक प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा, भाजपा की आज समाज में जो स्वीकार्यता है, उसे निरंतर यश प्राप्त हो रहा है वह हमारे कर्मठ कार्यकर्ताओं के परिश्रम व निष्ठा का परिणाम है। हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जो कार्य हो रहे हैं, उन्हें हितग्राहियों तक लेकर जाएं। कांग्रेस व विरोधी दलों द्वारा स्थापित किए जाने वाले झूठ को संगठन शक्ति से ही ध्वस्त किया जा सकता है।





भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

बधाई प्रस्ताव

# लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर नरेंद्र मोदी जी को हार्दिक बधाई

समर्थन : विजय शर्मा, लता उसेंडी



प्रस्तावक
तोखन साहू

छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा की यह कार्यसमिति विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र, भारत के प्रधानमंत्री पद पर लगातार तीसरी बार चुने जाने पर श्री नरेंद्र मोदीजी को हार्दिक बधाई देती है। विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के कार्यकर्ता के रूप में यह विशेष गौरव का अवसर है।

स्वतंत्र भारत के इतिहास में ऐसा मात्र दूसरी बार हो रहा है जब किसी प्रधानमंत्री को तीसरी बार जनादेश मिला है। देश में लोकतंत्र स्थापित होने के बाद के प्रारंभिक दौर में जब प्रतिपक्ष की कोई बड़ी चुनौती नहीं थी और देश तब की सत्ताधारी पार्टी के आभामंडल में था, वैसे में तब के प्रधानमंत्री के लिए तीसरी बार भी चुन कर आ जाना कोई उल्लेखनीय बात नहीं थी, लेकिन वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में तीसरी बार चुन कर आना जनता से अत्यधिक जुड़ाव, लोक कल्याण के कार्य में सतत रत रहने से ही संभव है। यह उपलब्धि असाधारण है, जिसे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी ने अपनी अचंभित करने वाली कर्मठता से प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर भाजपा परिवार को गर्व है।

भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़
10 जुलाई 2024, रायपुर
प्रदेश कार्यसमिति बैठक

मोदीजी की सरकार को यह जनादेश निस्संदेह उसके राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और गरीब कल्याण के सरोकारों के लिए मिला है। अपने दूसरे कार्यकाल में विशेषकर मोदी सरकार ने श्रीराम मंदिर, अनुछेद 370, 35 ए समेत उन सभी मुद्दों का समाधान किया, जो दशकों से भाजपा और (पूर्ववर्ती भारतीय जनसंघ) के कार्यकर्ताओं का सपना था। जिसके लिए राष्ट्रभक्त समूह सतत संघर्षरत रहे, जिन्होंने अनथक परिश्रम किया, संघर्ष, त्याग-तपस्या और बलिदान दिया। इस राष्ट्रीय-सांस्कृतिक संकल्पों की सिद्धि का प्रतिफलन ही वर्तमान जनादेश से परिलक्षित हुआ है, इसके लिए मोदीजी को यह कार्यसमिति हृदय से बधाई देती है।

मोदीजी की भाजपा नीत सरकार ने भारत को विश्व के सबसे शक्तिशाली देशों की पंक्तियों में खड़ा किया, गरीब कल्याण के अनेक प्रकल्प चलाते हुए भी राष्ट्र को विश्व की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल किया और अब भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तरफ अग्रसर है। बात चाहे कोरोना जैसे वैश्विक महामारी के दौरान देश को सम्हालने की बात हो, मुफ्त अरबों टीका देश को उपलब्ध करा कर मानवता को सुरक्षित करने की हो, देश के 80 करोड़ से अधिक लोगों तक लगातार मुफ्त अनाज पहुचाने की या फिर गरीब परिवारों को चार करोड़ से अधिक पक्के मकान बानाने, हर नागरिक तक शुद्ध पेयजल पहुँचाने, उन्हें मुफ्त चिकित्सा समेत सभी वांछित सुविधा देने की, वास्तव में मोदी सरकार ने लोक कल्याण के मामले में भी इतिहास रचा है।

विपक्षी दलों के लगातार चल रहे षड्यंत्र, उनके अनैतिक और आलोकतंत्रिक प्रपंच, कुछ वैदेशिक शक्तियों की लगातार चल रही साजिशों आदि का सम्पूर्ण कौशल के साथ सामना करते हुए इस महान उपलब्धि को प्राप्त करने के लिए यह कार्यसमिति अपने नेता श्री नरेंद्र मोदीजी का अभिनंदन करती है। मोदी गारंटी पर ही छत्तीसगढ़ में भी विधानसभा और लोकसभा के चुनाव लड़े गए। विधानसभा में प्राप्त ऐतिहासिक जानादेश और लोकसभा में भी 11 में 10 सीटें भाजपा को मिलने पर भी मोदीजी और अपने राष्ट्रीय नेतृत्व को यह कार्यसमिति बधाई देती है।

**जय भारत-जय छत्तीसगढ़**



## मजबूत संगठन ही हमारी पहचानः साय

प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने इस मौके पर मंडल व जिला स्तर पर विस्तारित कार्यसमिति के गठन की प्रक्रिया पूरी करने का आह्वान किया। इसके साथ ही प्रदेश संगठन महामंत्री श्री साय ने मन की बात कार्यक्रम से लेकर गुरू पूर्णिमा, सेवा पखवाड़ा, हरियाली तीज, नागपंचमी, रक्षाबंधन, स्वतंत्रता दिवस समेत सभी सामाजिक व सांस्कृतिक उत्सव व संगठनात्मक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। राजनीतिक प्रस्ताव प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने रखा। उसका समर्थन उपमुख्यमंत्री अरुण साव व विधायक गुरु खुशवंत ने किया। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने बधाई प्रस्ताव रखा जिसका समर्थन उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने किया। कार्य समिति में भाजपा प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने शोक प्रस्ताव रखा, जिसमें भाजपा के ऐसे कार्यकर्ता जिनका निधन हो गया था व नक्सली व आतंकी हमलों में शहीदों को भी विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। प्रदेश प्रवक्ता व आईटी सेल प्रभारी दीपक म्हस्के ने चुनावी नतीजे का डिजिटल रिपोर्ट पेश किया। कार्य समिति में कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव एवं जगदीश (रामू) रोहरा ने किया।

अभिकल प्रस्तुति : राजनीतिक प्रस्ताव

# श्रेष्ठता को दोहराने का फिर लिया संकल्प

**समर्थन : अरुण साव, गुरु खुशवंत**



**प्रस्तावक**
**शिवरतन शर्मा**

प्रदेश भाजपा की यह विस्तारित कार्यसमिति ऐसे महत्वपूर्ण और विलक्षण समय पर हो रही है जब भाजपा ने चतुर्दिक विकास की ऐतिहासिक गाथा लिखी है। अपने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पार्टी ने सफलता की ऐसी कहानी लिखी है, जिसे दुहराना अन्य दलों के लिए सदियों में संभव नहीं होगा। आज इस कार्यसमिति को न केवल तीसरी बार पूर्ण बहुमत से केंद्र में सरकार बनाने की प्रसन्नता है, बल्कि छत्तीसगढ़ समेत तीन बड़े राज्यों में भी ऐतिहासिक वापसी का गौरव भी है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में अभी तक की सबसे अधिक सीटें प्राप्त होने, अभी तक का सबसे अधिक मत प्रतिशत पाने और, विपक्षी दल से मत प्रतिशत में सबसे अधिक अंतर से जीत हासिल करने यह कार्यसमिति आह्लादित है। इसी तरह लोकसभा चुनाव में भी छत्तीसगढ़ से 11 में से 10 सीट देकर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दुहराने का भी संतोष यह कार्यसमिति व्यक्त करती है।

भाजपा आज भरोसे का दूसरा नाम है। आज अनुछेद 370 और 35 ए बीते दिनों की बात हो गयी है। बिना रक्त का एक कतरा बहे इस अनुच्छेद को निष्प्रभावी कर दिया गया। इसी तरह श्रीयोध्या जी में श्रीरामलला आज अपने भव्यतम मंदिर में विराजमान हैं। त्वरित तीन तलाक़ को समाप्त कर भाजपा ने समान नागरिक आचार संहिता के वादे को भी लगभग पूरा करते हुए मोदीजी ने अपने दूसरे कार्यकाल में एक ही साथ सभी कोर मुद्दे का समाधान कर दिया है। जनता, कार्यकर्ता और नेता के बीच विश्वास बहाली का इससे बड़ा उदाहरण विश्व की राजनीति में भी शायद अन्य कोई नहीं होगा।

पार्टी के सभी सांस्कृतिक मुद्दों को हल करते रह कर भी मोदीजी ने विकास और गरीब कल्याण को भी अपनी शीर्ष प्राथमिकता बनाए रखा। देश से चाहे 25 करोड़ लोगों को ग़रीबी रेखा से बाहर निकालने की बात हो, या 80 करोड़ से अधिक लोगों तक लगातार निःशुल्क अनाज पहुचाने की, करोड़ों लोगों को आयुष्मान योजना से मुफ्त चिकित्सा की बात हो या चार करोड़ से अधिक लोगों को प्रधानमंत्री आवास की। प्रदेश के हर घर तक बिजली पहुचाने की बात हो या हर घर तक पीने का साफ पानी पहुचाने की, सड़क, पूल-पुलिया, स्कूल, अस्पताल आदि की व्यवस्था करते हुए भी देश को विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने, और फिर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य लेकर चलना वाले हमारे प्रधानमंत्री जी आज विश्व के सबसे लोकप्रिय और मज़बूत नेता बन कर सामने आए हैं। इन तमाम उपलब्धियों पर इस कार्यसमिति को गर्व है।

मोदीजी की गारंटी पर ही भाजपा विधानसभा चुनाव में भी मैदान में थी। इसके अलावा कांग्रेस की वादाखिलाफ़ी, उसकी विफलता तथा उसके घोटालों के मुद्दे भी चुनाव में थे। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने उन मुद्दों को जनता तक ले जाने में जी तोड़ मेंहनत की, और परिश्रम की पराकाष्ठा का परिणाम समाने आया जब भाजपा को ऐतिहासिक जनादेश मिला।

लोकतंत्र में सबसे बड़ी बात जनता का विश्वास ही होता है। इस कार्यसमिति को यह संतोष है कि आज प्रदेश की भाजपा सरकार ने लगभग सात माह में अनेक मोदी गारंटी को पूरा कर प्रदेश में विश्वास का वातावरण कायम किया है। 18 लाख प्रधानमंत्री आवास, राज्य के किसानों को 02 साल का बकाया धान बोनस का 13 लाख किसानों के बैंक खातों में 3716 करोड़ रुपये का भुगतान, 3100 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी कर समर्थन मूल्य के 32 हजार करोड़ रुपए की राशि का भुगतान तत्काल किसानों को किया गया। इसके अलावा अंतर की राशि 13 हजार 320 करोड़ रुपए भी अंतरित कर राज्य में 145 लाख मीटरिक टन धान की रिकॉर्ड खरीदी की गई। इसी तरह एक और गारंटी को पूरा करते हुए राज्य में महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं को 1 हजार रुपये प्रति महीने देना, इसका लाभ मिल रहा है। तेंदूपत्ता संग्रहण दर 4000 रुपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपए प्रति मानक बोरा करने समेत बड़ी-बड़ी घोषणाएं रिकार्ड समय में पूरी की गई है, इसके लिए प्रदेश की यह कार्यसमिति भाजपा की विष्णुदेव साय जी की सरकार का अभिनंदन करती है।


भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़
10 जुलाई 2024, रायपुर
प्रदेश कार्यसमिति बैठक

एक तरफ जहां भाजपा विश्वास और विकास के एक नए युग में भारतीय लोकतंत्र को ले जा रही है, वहीं कांग्रेस लगातार अपनी हरकतों से देश और लोकतंत्र को कलंकित कर रही है। कांग्रेस नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने संसद में हिन्दुओं को हिंसक कह कर देश और सनातन समाज का अपमान किया है, इसी तरह उन्होंने श्रीराम मंदिर आंदोलन के के बारे में भी अनर्गल बयानबाजी कर हिन्दू भावना को आहत किया है। यह विस्तारित कार्यसमिति राहुल गांधी के इस बयान की निंदा करती है कि हिन्दू हिंसक होते हैं। हजारों वर्षों से शांति और अहिंसा के लिए विख्यात हिन्दू समाज को इस तरह अपमानित करने की जितनी निंदा की जाय, वह कम है।

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में भी लगातार झूठों का महाजाल फैलाया था- संविधान पर झूठ। आरक्षण ख़त्म कर देने का झूठ। चावल बंद कर देने का झूठ। महतारी वंदन योजना समाप्त कर देने का झूठ। यह तक झूठ कि मोदीजी जीतेंगे तो आगे से चुनाव नहीं होंगे, यह झूठ। इन तमाम झूठों का पर्दाफाश कर भाजपा ने सतत जनता का विश्वास हासिल किया है। हाल के दोनों चुनावों में मिली सफलता से उत्साहित यह कार्यसमिति भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान करती है कि आगामी निकाय और पंचायत चुनाव में भी जनता के बीच जा कर पार्टी की रीति-नीति, मोदीजी की गारंटी और अपनी सरकारों की उपलब्धियों को लेकर निकाय और पंचायत चुनाव में भी पार्टी कि जीत सुनिश्चित करने में अपनी प्रभावी भूमिका निभाएं। धन्यवाद।


**भारत माता की जय। जय छत्तीसगढ़।** ।•••

## कलंकित इतिहास



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

# राहुल को विरासत में मिला हिंदू विरोध



**प्रदीप सिंह**

**प्रदेश भाजपा की कार्यसमिति ने अपने राजनीतिक प्रस्ताव में राहुल गांधी के हिंदू द्रोही बयान के विरुद्ध 'निंदा प्रस्ताव' पारित किया है। वास्तव में राहुल के डीएनए में हिन्दुओं से घृणा समाया हुआ है। प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू किस तरह 'हिंदुओं की हत्या पर संतुष्ट होते थे, उसे तथ्यात्मक रूप से वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप सिंह का यह महत्वपूर्ण आलेख पढ़ कर समझा जा सकता है। लेख की संक्षिप्त प्रस्तुति साभार...**

कांग्रेस के डीएनए में मुस्लिम तुष्टीकरण कहां से आया। खास तौर से गांधी परिवार में आप इसको ट्रेस करेंगे, तो आपको पता चलेगा कि गांधी परिवार में मुस्लिम तुष्टीकरण के बिना उनकी राजनीति नहीं चल सकती। जवाहरलाल नेहरू से लेकर राहुल गांधी तक, सब में वह दिखाई देगा।

नेहरू के एक पत्र 5 नवंबर 1946 को पद्मजा जोशी को एक पत्र आधी रात को लिखा। पद्मजा जोशी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और कांग्रेस की नेता और महात्मा गांधी की करीबी सरोजिनी नायडू की बेटी थीं। जवाहरलाल नेहरू से उनके बड़े घनिष्ठ पारिवारिक संबंध थे। पत्र में उन्होंने लिखा कि मैं बहुत थक गया हूं। आज ही फ्लाइट से दो दिन बाद लौटा हूं। शायद वह जिक्र कर रहे थे दिल्ली लौटने का। उसमें स्पष्ट नहीं है कि कहां लौटे हैं। उन्होंने कहा यह पत्र इसलिए आधी रात को थका होने के बावजूद तुम्हें लिख रहा हूं क्योंकि मुझे यहां आने पर जो खबर मिली उससे मैंने बहुत रिलैक्स महसूस किया। जवाहरलाल नेहरू बहुत प्रफुल्लित थे तो जाहिर है कि खबर कोई ऐसी होनी चाहिए जो देश के, समाज के हित में हो- कोई अच्छा काम हुआ हो- किसी का बड़ा अचीवमेंट हो। ऐसा कुछ नहीं था।

उनको खबर क्या मिली थी पहले सुन लीजिए। उनको खबर मिली थी कि बिहार के 400 किसानों को पुलिस फायरिंग में मार दिया गया। क्यों मारा गया उनको? क्योंकि वे नोआखली में हुई हिंसा का विरोध कर रहे थे, उसका प्रतिरोध करने की कोशिश कर रहे थे। नोआखली में क्या हुआ यह दोहराने की जरूरत नहीं है। 1966 में जिन्ना ने जब डायरेक्ट एक्शन की कॉल दी थी उसके बाद नोआखली- जो उस समय बंगाल में आता था अब बांग्लादेश में आता है- में हिंदुओं का नरसंहार हुआ। जो हिंदुओं खिलाफ हुआ अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने उसके लिए pogroms शब्द इस्तेमाल किया है। हजारों हिंदू मारे गए- नेहरू जी को इससे कोई तकलीफ नहीं हुई, कोई दुख नहीं हुआ। उस घटना पर उन्होंने केवल इतना कहा कि 'दुर्भाग्यपूर्ण है', इससे ज्यादा कुछ नहीं।

> **दंगा कहीं भी हो, मारे किसी भी समुदाय के लोग जाएं, यह दुख की बात होती है। पर जब आप सिलेक्टिव हो जाते हैं- एक के मरने पर राहत महसूस करते और दूसरे के मारे जाने पर दुखी होते हैं- तब आपका बायस होना दिखाई देता है।**

उसके प्रतिरोध में जब बिहार के किसानों ने जवाब दिया तो नेहरू जी का सुख चैन सब उड़ गया। वो जो लौटने का जिक्र कर रहे थे- भागलपुर, निहार से लौटे थे। नेहरु ने लिखा कि यह खबर सुनकर कि बिहार के 400 किसान पुलिस फायरिंग में मारे गए हैं मुझे बड़ी राहत महसूस हुई है। जाहिर है उस समय जो अंतरिम सरकार थी, नेहरू उसके प्रधानमंत्री थे, सरकार के ही आदेश से पुलिस फायरिंग करेगी। उन्होंने कहा, 'तुम शायद विश्वास नहीं करोगी कोई और समय होता तो शायद मैं इस खबर से भयाक्रांत हो जाता लेकिन इस खबर को सुनकर मैं बहुत रिलैक्स महसूस कर रहा हूं...' नोआखली में जो हुआ उसका विरोध हुआ- नोआखली में हिंदुओं का एक तरफा नरसंहार हुआ था। उसका जवाब बिहार के लोगों ने दिया। यह बात जवाहरलाल नेहरू को बहुत नागवार गुजरी।

अब आप वर्तमान में आकर याद कीजिए 2002 की। गोधरा में ट्रेन के एक डिब्बे को जला दिया गया। उसमें अयोध्या से

लौट रहे कार सेवक थे जो जिंदा जला दिए गए। उस पर किसी को दुख नहीं हुआ। लेकिन उसके बाद में जब उसकी प्रतिक्रिया में दंगे हुए, उस पर पूरे देश को अफसोस हुआ। दंगा कहीं भी हो, मारे किसी भी समुदाय के लोग जाएं, यह दुख की बात होती है। पर जब आप सिलेक्टिव हो जाते हैं- एक के मरने पर राहत महसूस करते और दूसरे के मारे जाने पर दुखी होते हैं- तब आपका बायस होना दिखाई देता है। तब लगता है आप न्यायोचित ढंग से सोचने में सक्षम ही नहीं हैं। दरअसल अन्याय आपके भीतर है। एक समुदाय विशेष से आपको नफरत है, आपका विरोध है। वह आपका जन्मजात है। तो नेहरू को हिंदुओं से विरोध एक तरह से जन्मजात ही था। वो अपने को एक्सीडेंटल हिन्दू कहते थे।

भले ही अंग्रेज चले गए लेकिन उसी मानसिकता के लोग सत्ता में आ गए और जो शीर्ष पर बैठा था वह पूरी तरह से उन्हीं के जैसा था। नेहरू जी ने उस पत्र में लिखा कि पिछले दिनों जो घटा वह अमानवीय था, क्रूरता था। बिहार के भोले भाले किसान ऐसा कर सकते हैं इसकी मुझे कल्पना भी नहीं थी। लेकिन उनको कल्पना थी कि नोआखली में हिंदुओं के साथ मुसलमान ऐसा कर सकते हैं। इसमें उनको कुछ अविश्वसनीय नहीं लगा। उनको यह बात बहुत स्वाभाविक लगी। हालांकि उन्होंने यह बात नहीं कही है 'मुझे स्वाभाविक लगी' लेकिन उसका अर्थ यही निकलता है कि नोआखली में जो हुआ वह बड़ा स्वाभाविक था। उन्होंने कहा कि इस घटना ने (यानी बिहार के किसानों ने जो प्रतिरोध किया उस घटना का जिक्र कर रहे हैं) मेरे नैतिक मूल्यों को झकझोर दिया है।

...और आगे की बात सुनेंगे तो आपकी रूह कांप जाएगी कि देश का प्रधानमंत्री आजादी के आंदोलन का नेता 400 लोगों की हत्या पर इस तरह से सोच सकता है, जो हत्या प्रशासन और पुलिस द्वारा उसकी सरकार के निर्देश पर की गयी। नेहरू ने पत्र में लिखा है कि इन 400 किसानों को एक जगह पर रोक दिया गया और पुलिस फायरिंग में ये लोग मारे गए... तो क्या कह रहे हैं नेहरू "मुझे लगा कि थोड़ा सा संतुलन स्थापित हुआ है।" तब भी पूरा संतुलन स्थापित नहीं हुआ यानी और हिंदू मारे जाने चाहिए थे। और किसानों की हत्या होनी चाहिए थी। उनकी नजर में थोड़ा सा संतुलन स्थापित हुआ- तो वह हत्या में संतुलन स्थापित करना चाहते थे।

अब आप सोचिए कितनी पाशविक मानसिकता है कि जो हत्या में संतुलन खोजने की कोशिश कर रहा है। अगर मुसलमान मारे गए तो उससे ज्यादा हिंदू मारे जा चुके थे। फिर भी उनको थोड़ा सा संतुलन लगा कि 400 को हमारी सरकार ने मार दिया। और फिर कहा कि भाई बंगाल में जो कुछ हुआ (नोआखली का जिक्र कर रहे थे बिना नाम लिए) वह दुर्भाग्यपूर्ण है। फिर उन्होंने बिहार के किसानों और हिंदुओं से सवाल किया कि क्या यही आपकी संस्कृति है? क्या यही आपकी सभ्यता है जिस पर आपको इतना गर्व है? मुसलमानों कोई सवाल नहीं पूछा। नोआखली में मुसलमानों ने जो किया, उसके अलावा बंगाल के दूसरे हिस्सों में और देश के दूसरे हिस्सों में जो डायरेक्ट एक्शन डे के दिन किया मुसलमानों ने, उस पर उन्होंने कोई सवाल नहीं उठाया। कम से कम इस पत्र में तो नहीं उठाया, उसके अलावा कुछ कहा हो तो मुझे मालूम नहीं। इस पत्र में नेहरू को इस बात की बड़ी खुशी है, वह अत्यंत प्रफुल्लित हैं कि पुलिस फायरिंग में 400 किसान मारे गए। वे हिंदू थे इसलिए खुशी ज्यादा है।

आप इस मानसिकता को सोचिए और कांग्रेस पार्टी की पिछले 77-78 सालों की नीतियों को देखिए। आपको एक निरंतरता नजर आएगी। यह जो तुष्टीकरण की बात होती है यह आज से नहीं शुरू हुई है। यह आजादी के आंदोलन के समय से ही शुरू है। देश के विभाजन के समय जो हिंसा हुई, उसके लिए कौन जिम्मेदार है? एक भगदड़ में 122 लोग मारे जाते हैं तो उसके लिए प्रशासन जिम्मेदार है। देश के बंटवारे के समय लाखों लोग मारे गए और करोड़ों लोग विस्थापित हुए उसके लिए कोई जिम्मेदार नहीं। कम से कम नेहरू तो नहीं हैं। आज तक आपने किसी किताब में, किसी लेख में, किसी बयान में सुना कि इसके लिए नेहरू जिम्मेदार थे। मैं विभाजन की नहीं, विभाजन के बाद जो नरसंहार हुआ, हिंसा हुई उसकी बात कर रहा हूं। इस नरसंहार के बारे में दुनिया भर में यह बात लिखी गई कि मानवता के इतिहास में इतनी बड़ी हिंसा और इतना बड़ा विस्थापन कभी नहीं हुआ था। उसके लिए नेहरू पर किसी ने उंगली नहीं उठाई। वह सिलसिला अभी भी चल रहा है। कांग्रेस के राज में आजादी के बाद से सबसे ज्यादा दंगे हुए और दंगों में सबसे ज्यादा लोग कांग्रेस के राज में ही मारे गए, लेकिन कांग्रेस जिम्मेदार नहीं है। कांग्रेस धर्मनिरपेक्ष है। भाजपा जिसने अपने राज में दंगा रोक दिया, पिछले 10 साल में कोई सांप्रदायिक दंगा देश में नहीं हुआ है, वह सांप्रदायिक है। वह हिंदू मुस्लिम करती है इसलिए दंगा नहीं होने देती। यह विचित्र तर्क देखिए आप।

कांग्रेस हिंदू मुस्लिम नहीं करती व धर्म निरपेक्ष है इसलिए दंगा करवाती है- यह कहना शायद ठीक नहीं होगा। लेकिन दंगा होता है उसके राज में यह तो तथ्य है। इससे कोई इंकार नहीं कर सकता। तो यह जो मुस्लिम तुष्टीकरण का डीएनए है वह कांग्रेस में अभी तक और खास तौर से गांधी परिवार में पीढ़ी दर पीढ़ी ट्रांसफर हो रहा है। यह जो राहुल गांधी का मुस्लिम प्रेम और जो हिंदू विरोध है- वह उनको विरासत में मिला है। उससे अलग भी राजनीति हो सकती है इसके बारे में वह सोच ही नहीं सकते हैं। इसी सोच का नतीजा था 1984 जो सिखों के खिलाफ हुआ। जिंदा जला दिया गया, गले में टायर बांधकर आग लगाकर जला दिया गया। एक ओर कई हजार सिखों को मारा गया वह पार्टी सेकुलर है, डेमोक्रेटिक है, अहिंसावादी है। वह पार्टी अभय मुद्रा की बात करती है। वह पार्टी डरती नहीं है, वह पार्टी डराती नहीं है, सीधे मार देती है। इस अंतर को समझिए। किसकी क्या ओपिनियन है, किसकी क्या राय है, मैं क्या कह रहा हूं, दूसरा कोई क्या कह रहा है- उस पर जाइए ही मत, उस पर ध्यान ही मत दीजिए। जो तथ्य हैं उनको देखिए, इतिहास के पन्नों में जो सच्चाई लिखी है उसको पढ़िए और समझिए कि हम किस दौर से गुजरे हैं और आने वाले समय में किस दौर से गुजरने वाले हैं। यह जागने का समय है। यह इन अत्याचारों को याद रखने का समय है, भूल जाने का समय नहीं है। ।•••

**(लेखक : राजनीतिक विश्लेषक और 'आपका अख़बार' के संपादक हैं)**

लेख साभार - https://apkaakhbar.in/anti-hindu-and-love-for-muslims-are-in-the-dna-of-the-gandhi-family/

## अभिनंदन

# नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी को भाजपा की बधाई


भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बिहार के कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के चुनाव प्रभारी के बाद पुनः प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, पूर्व मंत्री व विधायक लता उसेंडी को ओडिशा प्रदेश भाजपा का सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

भाजपा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने मंत्री नितीन नबीन और लता उसेंडी की नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार माना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश प्रभारी श्री नबीन की नियुक्ति की घोषणा से छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं में उत्साह है। उनका छत्तीसगढ़ से विशेष लगाव है और जब प्रदेश संगठन सह प्रभारी व लोकसभा चुनाव प्रभारी रहते भाजपा को चुनावों में ऐतिहासिक जीत मिली है। प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री नबीन के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार मोदी की गारंटी में व्यक्त संकल्पों को पूरा करने में सफल होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व वरिष्ठ विधायक लता उसेंडी को ओड़िशा प्रदेश का सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। इससे पूर्व ओड़िशा में उनके मार्गदर्शन में लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत मिली है। उन्होंने कहा कि प्रदेश प्रभारी नितीन नबीन व ओडिशा की सहप्रभारी लता उसेंडी के सुदीर्घ राजनीतिक व संगठनात्मक अनुभवों का लाभ दोनों राज्य के संगठन व कार्यकर्ताओं को मिलेगा।



### मुख्यमंत्री साय ने दी बधाई

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को छत्तीसगढ़ भाजपा का प्रदेश प्रभारी बनाए जाने व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व विधायक लता उसेंडी को ओडिशा के प्रदेश सह प्रभारी नियुक्त करने पर हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की है। उन्होंने कहा कि आपके कुशल मार्गदर्शन में भाजपा छत्तीसगढ़ व ओडिशा विधानसभा और लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल हुई है। एक बार पुनः आप दोनों के संगठनात्मक क्षमताओं का लाभ पार्टी संगठन को अवश्य मिलेगा।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

### भाजपा कार्यकर्ता जानते हैं विजयी की परिभाषाः नबीन

भाजपा नवयुक्त प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के पुनः संगठन प्रभारी बनाए जाने पर केन्द्रीय संगठन का आभार मानते कहा कि छत्तीसगढ़ के भाजपा कार्यकर्ता विजय की परिभाषा को साबित करना जानते हैं। यही कारण है हमें विधानसभा के बाद लोकसभा में हमें ऐतिहासिक जीत मिली है। भाजपा को फिर से एक बार आगामी नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव में भाजपा विशाल विजय दिलाना होगा। इसके लिए कार्यकर्ता को अभी से जुट जाएं। हमारे सरकार के 6 माह के कार्यकाल पूर्ण हुआ है। हम जनता के प्रति जवाबदेही को पूरा करने में जुटे हुए हैं।

### उत्तम ओडिशा का सपना पूरा होगाः लता उसेंडी



भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व विधायक लता उसेंडी ने केन्द्रीय संगठन का आभार मानते हुए कहा कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में ओडिशा में हमें विशाल विजय मिली है। छत्तीसगढ़ के प्रमुख पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का ओडिशा प्रवास हुआ था व जिनके सहभागिता से चुनाव में बेहतर परिणाम आये हैं। अब ओडिशा में हमारी सरकार है हम सबको प्रधानमंत्री जी ने जिस उत्तम ओडिशा के सपना देखा है उसे पूरा करने का लक्ष्य हम सबका है। ।•••

# 'योग से हम रहेंगे निरोग'



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने हजारों लोगों के साथ सामूहिक योग किया व स्वस्थ जीवन-शैली के लिए नियमित योगाभ्यास करने का संदेश आमजनों को दिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह देखकर प्रसन्नता होती है कि जिन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए पूरी दुनिया में योग दिवस मनाया जाता है, वह उद्देश्य आज सफल हो रहा है। उन्होंने कहा कि योग का प्रचार और प्रसार आज पूरी दुनिया में हो रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने इस मौके पर कहा कि आज का यह दिन हम सबके लिए गौरव का दिन, स्वाभिमान का दिन है और उल्लास व खुशी का दिन है। योग जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। योग जीवन दर्शन है, योग कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। इस मौके पर पूर्व मंत्री व विधायक राजेश मूणत, अनुज शर्मा, गुरू खुशवंत साहेब सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, आम नागरिक एवं विद्यार्थी शामिल हुए।

उपमुख्यमंत्री अरूण साव कोरबा व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा दुर्ग जिले में योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए। वन मंत्री केदार कश्यप नारायणपुर में, वित्त मंत्री ओपी चौधरी जांजगीर में, बिलासपुर में केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, कांकेर में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, कोरिया में मंत्री रामविचार नेताम, महासमुंद में मंत्री दयालदास बघेल, कबीरधाम में मंत्री लखनलाल देवांगन, बलौदाबाजार में मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, धमतरी में मंत्री टंकराम वर्मा, राजनांदगांव में सांसद संतोष पाण्डेय, सरगुजा में सांसद चिन्तामणी महाराज, जशपुर में सांसद राधेश्याम राठिया, सुकमा में सांसद महेश कश्यप, गरियाबंद में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, बेमेतरा में सांसद विजय बघेल, बालोद में सांसद भोजराज नाग, सक्ती में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, रायगढ़ में सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, सहित पूरे मंत्री, विधायक, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता योग कार्यक्रम में शामिल हुए।

## योग हमारी पुरातन विधा है : देव

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव ने जगदलपुर के इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम में योगाभ्यास में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि करें योग-रहें निरोग इसी भावना के साथ स्वस्थ शरीर के लिए नियमित योग आसनों का अभ्यास करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों के कारण ही योग को वैश्विक स्तर पर विशेष पहचान मिली है। पूरे देश में वर्ष 2014 से 21 जून को योग दिवस मनाया जा रहा है। योग से अपने शरीर, मन को स्वस्थ रखे और बेहतर समाज का निर्माण में योगदान दें। वहीं भाजपा प्रदेश महामंत्री पवन साय ने योग शिविर में शामिल होकर योगाभ्यास किया। इस मौके पर महापौर श्रीमती सफीरा साहू, वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष कमल चंद्र भंजदेव सहित आमजन शामिल हुए।



# हिन्दू द्रोही राहुल का पुतला दहन



**सांसद राहुल गांधी द्वारा संसद में हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाते हुए दिए गए विवादित बयान के विरुद्ध जगदलपुर के गोल बाजार चौक में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा पुतला दहन किया गया। जिसमे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव भी शामिल हुए। उन्होंने कहा, राहुल गांधी के बयान की जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है, उन्होंने जानबूझ के हिंदू समाज की भावनाओं को आहत किया है। हिंदू हिंसक है ये बयान भारत की आत्मा पर वार है। इस प्रदर्शन में प्रदेश के कई हिस्सों में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल हुए।**

## युग प्रवर्तक थे कबीर : साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संत कबीर साहेब जी की जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि कबीर साहेब जी न सिर्फ एक आध्यात्मिक संत थे, बल्कि वे एक समाज सुधारक और युग-प्रवर्तक भी थे। कबीर साहेब ने अपने दोहों और भजनों के माध्यम से समाज को एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया। उनके विचारों ने भारत समेत पूरी दुनिया को प्रभावित किया। सत्य, अहिंसा, दया, करुणा, परोपकार और सामाजिक समरसता के उनके संदेश को छत्तीसगढ़ के लोगों ने भी आत्मसात किया है। कबीरधाम से लेकर दामाखेड़ा तक उनके अनुयायियों ने आज भी उनके विचारों की अलख जगा रखी है। कबीर साहेब जी ने हमेशा सामाजिक कुरीतियों को प्रहार किया और मानवतावादी समाज की रचना के लिए प्रेरित किया। उनके विचार आज भी प्रासंगिक बने हुए हैं।



## राहुल गांधी को बताना होगा कौन है हिंसक : संतोष पांडेय

भाजपा सांसद संतोष पांडेय ने हिंदुओं को हिंसक, नफरती और असत्यवादी कहे जाने पर राहुल गांधी पर सदन की कार्यवाही के दौरान लोकसभा में जमकर हमला बोला। सांसद पांडेय ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चल रही चर्चा में हिस्सा लेते हुए सवाल किया कि हिन्दुस्तान में हिंसा कौन फैला रहा है? इससे पहले राहुल गांधी ने लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान हिन्दू समाज को हिंसक कहा था। जिस पर सांसद पांडेय ने राहुल गांधी इस बयान पर कड़ी आपत्ति जताई थी।



राजनांदगांव सांसद पांडेय ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि राहुल गांधी ने जो शुरुआत की है, हिंदुत्व और हिंदू को लेकर तथा भाजपा के लोगों को जो हिंसक कहा है, उस परिप्रेक्ष्य में राहुल गांधी कुछ प्रश्न के जवाब दें। क्या हिंदू हिंसक हो रहा है? क्या भाजपा हिंसा की बात करती है? हिंदुस्तान के अंदर हिंसा कौन फैला रहा है? हिंदू समाज कितना हिंसक हुआ है? कितना हिंसक यह तथाकथित शांतिप्रिय समाज है, यह पूरा भारत जानता है। क्या कर्नाटक में प्रवीण नेतारु की हत्या हिंदू समाज की भीड़ ने की थी? क्या राजस्थान में कन्हैयालाल टेलर की हत्या गला रेत करके हिंदू समाज ने की थी? क्या यह हिंदू समाज है, जो अलग-अलग जगह पर हंगामा खड़ा कर रहा है? जिस तरीके की हत्याएं पूरे हिंदुस्तान के अंदर हो रही हैं, उसकी चर्चा करते हुए सांसद पांडेय ने राहुल गांधी से सवाल किया कि जम्मू-कश्मीर में बम विस्फोट करने वाला किस समाज का है?

# संविधान हत्या की जिम्मेदार कांग्रेस : देव




भाजपा ने 25 जून, 1975 को देश पर थोपे गए आपातकाल की ज्यादतियों और यंत्रणा की देश को एक बार फिर याद दिलाकर संविधान और लोकतंत्र के नाम पर पाखंड रच रही कांग्रेस के असली राजनीतिक चरित्र को बेनकाब करने 'आपातकाल का काला दिवस' आयोजित किया। भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर छत्तीसगढ़ में भी भाजपा द्वारा सभी जिलों केंद्रों में 25 जून को आपातकाल का काला दिवस का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि भाजपा 25 जून को पूरे देश में आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाती है। इसी दिन सन् 1975 में तात्कालिक प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने पूरे देश में आपातकाल लागू किया था। आज ही के दिन लोकतंत्र की हत्या की गई थी और आज वही कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र की दुहाई देते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी लोकतंत्र का सम्मान नहीं किया और अपनी डूबती नैय्या को बचाने के लिए संविधान खतरे में है इसका दुष्प्रचार किया। जिसे देश की जनता भली भांती समझती है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की लोकतांत्रिक शक्ति को और मजबूत करते हर संभव प्रयास कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस हमेशा भ्रम फैलाकर राजनीति करने पर विश्वास करती है। उनका यह षड़यंत्र अधिक दिन नहीं चलेगा और देश की जनता कांग्रेस को उसके भ्रम फैलाव कथित अभियान के लिए जवाब जरूर मांगेगी।

## विपक्ष ने लोकतांत्रिक मूल्यों का ह्रास किया: बृजमोहन अग्रवाल

प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान व्यवधान उत्पन्न करने के लिए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने विपक्ष की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने लोकतांत्रिक मूल्यों का ह्रास किया है। ऐसे में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे विपक्ष को धैर्य पूर्वक सुनना चाहिए था।



प्रधानमंत्री ने एक विकास का खाका पूरे देश के सामने रखा है और बताया है कि किस प्रकार से तीसरे कार्यकाल में सरकार तिगुनी गति से काम करने के लिए तैयार है। जहां एक तरफ प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विकसित भारत का संकल्प सामने रखा, वहीं राहुल गांधी ने पूरे हिंदू धर्म को हिंसक बता कर देशवासियों का अपमान करने का काम किया है। कांग्रेस हमेशा समाज को बांटकर राजनीति करने में विश्वास करती है। जिसे देश की जनता समझ चुकी है।


## हारकर भी कांग्रेस का अहंकार कम नहीं हुआः कौशिक

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक धरम लाल कौशिक ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट अगर छत्तीसगढ़ की 11 में से 10 संसदीय क्षेत्रों में करारी पराजय के बाद भी संतोष



व्यक्त कर रहे हैं, तो यह साफ समझा जा सकता है कि छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में कांग्रेस अब इसी लायक ही बची है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार का जिम्मा लेने के लिए कोई तैयार नहीं है और सारे कांग्रेसी हार का ठीकरा फोड़ने के लिए एक-दूसरे का सिर तलाश रहे हैं। लोकसभा व विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार और अब समीक्षा के नाम पर जिस तरह से उनमें आंतरिक विवाद दिख रहा वह किसी से छिपा नहीं है।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री कौशिक ने कहा कि 11 में से 10 लोकसभा सीटें हारने के बाद भी कांग्रेस पार्टी संतुष्ट है, कांग्रेस प्रभारी पायलट का बयान इस बात को प्रमाणित करता है कि कांग्रेस एक बहुत बड़ी लूजर पार्टी है और जीत उसका उद्देश्य ही नहीं है। 11 में से 10 सीट हारने के बाद भी कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अगर यह कहें कि हम एकजुटता से लड़े और वोट शेयर भी हमारा बरकरार रहा, तो राजनीति में इससे ज्यादा शर्मनाक बयान और कुछ नहीं हो सकता। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के नेता भी सचिन पायलट की ही सोच पर चल रहे हैं, जो हारने के बाद भी किसी प्रकार की जिम्मेदारी लेने से बच रहे हैं, जिससे कांग्रेस के भीतर में ही भ्रम और विवाद की स्थिति निर्मित हुआ है।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

## भूपेश बघेल के झूठे वादों को जनता ने दो बार नकार दिया हैः कश्यप

संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि लोकसभा में भाजपा के सांसद संतोष पांडेय द्वारा महादेव एप का जिक्र किए जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का बिफरना चोर की दाढ़ी में तिनका की कहावत की पुष्टि करने के लिए पर्याप्त है। सदन में उनके उद्बोधन पर पूर्व मुख्यमंत्री बघेल द्वारा भाजपा सांसद श्री पांडेय के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की धमकी को निरा हास्यास्पद व बघेल के संसदीय प्रक्रिया के अल्पज्ञान का परिचायक बताया।



वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि बघेल पाँच साल मुख्यमंत्री रहे हैं और फिर भी संसदीय प्रक्रिया को भूल रहे हैं, यह विडम्बना ही है। दरअसल, समूची कांग्रेस के राजनीतिक चरित्र का संसदीय गरिमा और मर्यादा से दूर-दूर तक वास्ता नहीं रहा है, इसलिए पूर्व मुख्यमंत्री बघेल अपने अल्पज्ञान का परिचय दे रहे हैं। कश्यप ने कहा कि उन्हें इतना तो ज्ञान तो होना ही चाहिए कि संसद के भीतर कहे गये किसी भाषण के लिये बाहर कारवाई नहीं हो सकती। अगर कहीं ऐसा संभव होता तो उनके नेता राहुल गांधी हमेशा जेल में ही रहते। भाजपा सांसद श्री पांडेय ने संसद में किसी का नाम नहीं लिया है, और पूर्व मुख्यमंत्री तो कांग्रेस के भी और भी रहे हैं, लेकिन भूपेश बघेल द्वारा श्री पांडेय के कथन को स्वयं पर लेना चोर की दाढ़ी में तिनका ही है। पूरा प्रदेश जानता है कि महादेव सट्टा एप, शराब घोटाला सहित कोयला घोटाला में किंगपिन किसे कहा गया है, पॉलिटिकल मास्टर कौन है, यह किसी से छिपा थोड़े है!

# केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का हुआ भव्य स्वागत



**बिलासपुर लोकसभा के सांसद तोखन साहू को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्रिमंडल में शामिल करने के उपरांत पहली बार छत्तीसगढ़ पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह पर भव्य स्वागत किया। उन्हें आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय के राज्यमंत्री के रूप में दायित्व मिला है। उसके उपरांत शपथ के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ पहुंचने पर उनका कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में स्थित बीजेपी कार्यालय में स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित स्वागत सभा में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का समग्र विकास होगा। इस दिशा में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू की भूमिका अहम होगी। उन्होंने प्रदेश के सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को लोकसभा में दस सीट जीतने पर बधाई दी है व आभार व्यक्त किया है।**

## भाजपा नेताओं की टारगेट किलिंग में कांग्रेस का हाथः ठाकुर

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने बस्तर संभाग के नारायणपुर में भाजपा नेता रतन दुबे की हत्या के मामले में युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष लालू कोर्राम और तोयनार सरपंच सैनू कोर्राम की गिरफ्तारी को कांग्रेस की रक्तपिपासु राजनीति का एक और कलंकित अध्याय बताया है। कांग्रेस नेताओं और विधायक के सामने मोहला मानपुर में भाजपा के लोगों को काटने की बातें चलती रही और बाद में हुआ भी ऐसा ही और जांच केंद्रीय एजेंसियों ने कांग्रेस के नेताओं को इसमें संलिप्त पा रही है तो यह छत्तीसगढ़ की राजनीति का बेहद दुर्भाग्यपूर्ण अध्याय है। यह शर्मनाक और निंदनीय है कि चुनाव में अपनी हार को देखकर कांग्रेसियों ने हत्या करने तक का षड्यंत्र रचा रहे हैं। जिसका पर्दाफाश केंद्रीय एजेंसी लगातार कर रही है।









# एक पौधा माँ के नाम


**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने "एक पौधा मां के नाम" अभियान के तहत अपने गृह ग्राम बगिया के शासकीय हाईस्कूल में व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने माना एयरपोर्ट रायपुर के पास पौधरोपण किया। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने तात्यापारा मंडल के कारी तालाब रायपुर में पौधरोपण कर सभी से इस अभियान में शामिल होने की अपील की।**

## कांग्रेस हमेशा सनातनियों का विरोध करती है : सिंहदेव

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में समूचा मंत्रिमंडल भगवान श्री रामलला के दर्शन कर छत्तीसगढ़ की उन्नति की कामना की है लेकिन यह सब कांग्रेस को पसंद नहीं है क्योंकि वह हमेशा सनातनी हिन्दू समाज का विरोध करती है। कथित तौर पर रामभक्त होने का अभियन करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ कभी चंद्रखुरी नहीं गए वो केवल वोट बैंक के लिए राम भक्त होने का दावा करते हैं। कांग्रेसियों को पहले अपने 'छत्तीसगढ़ के भाँचा' श्रीराम और सनातन विरोधी राजनीतिक चरित्र के लिए पूरे प्रदेश और देश से माफी मांगनी चाहिए।



प्रवक्ता श्री सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस के लिए रामलला का दर्शन श्रद्धा नहीं साहस की बात है। जो राम के अस्तिव को नकारे, उन्हें राम कैसे स्वीकारे। इसलिए इनके पास रामलाल के दर्शन का इनके पास साहस भी नहीं है। मुख्यमंत्री श्री साय और मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों के श्री रामलला के दर्शन करने से कांग्रेस के लोग बुरी तरह चिढ़े हुए हैं। दरअसल कांग्रेस कभी यह चाहती ही नहीं थी कि अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बने। अब मंदिर बन गया है और अपनी आस्था व श्रद्धा के साथ श्रद्धालु वहाँ दर्शन करने जा रहे हैं तो कांग्रेसियों को यह भी बर्दाश्त नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि कांग्रेस ने श्री राम मंदिर को लगातार एक विवाद का विषय बनाकर रखा हुआ है।



भये प्रगट कृपाला दीनदयाला...

## कांग्रेसी मातृशक्ति से मांगे माफीः रंजना साहू

भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती रंजना साहू ने 'मोदी की गारंटी' के तहत किए गए वादे के मुताबिक महतारी वंदन योजना की पाँचवीं किश्त की राशि महिलाओं के खाते में अंतरित किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आते ही प्रदेश सरकार ने अपने वादों पर तेजी से अमल करके देशभर में एक मिसाल कायम की है और यह प्रमाणित किया है कि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है।



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती साहू ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के लोग कहते थे कि महतारी वंदन योजना लागू नहीं होगी, किसी को पैसा नहीं मिलेगा। फिर भाजपा चुनाव जीती तो कांग्रेस को लोग कहने लगे कि पैसा नहीं मिलेगा। महतारी वंदन योजना की पहली एवं दूसरी किश्त देने के बाद भी कांग्रेस पार्टी कह रही थी कि अब अगली किश्त नहीं मिलेगी। उसके बाद भी मिल गई तो कहने लगे कि लोकसभा चुनाव के बाद नहीं मिलेगी। लोकसभा चुनाव के बाद भी किश्त मिल गई, लेकिन कांग्रेसी फिर कहने लगे कि लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद यह राशि नहीं मिलेगी। वह राशि भी नतीजे आने के बाद प्रदेश की महिलाओं को मिल गई। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना को लेकर कांग्रेस के नेताओं ने पाँच बार झूठ बोला, इसके लिए कांग्रेस के सारे नेताओं को छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों से तुरंत माफी मांगनी चाहिए।

# मेल-मिलाप



**भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष से दिल्ली प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित सांसादों से मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, क्षेत्रिय संगठन मंत्री अजय जाम्वाल, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू व प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय सहित सांसदगण मौजूद थे।**

# कार्यकर्ताओं को सम्मान




**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने जगदलपुर में आयोजित मतदाता आभार एवं अभिनंदन समारोह में शामिल होकर कार्यकर्ताओं का आभार किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत जो हुई उसमें भाजपा के कर्मयोगी कार्यकर्ताओं की भूमिका हमेशा की तरह रही है। आगामी नगरीय निकाय व पंचायत के चुनाव में भी हमारी विशाल विजय होगी जिसके लिए हम सबको अभी जुटना होगा। वहीं भाजपा प्रदेश ईकाई द्वारा लोकसभा चुनाव के जीत के बाद प्रदेश में कार्यकर्ताओं का अभिनंदन व स्वागत किया जा रहा है।**

# समर्पित ध्येयनिष्ठ कमलपुष्प हैं श्री शामनदास रत्नानी



1 जुलाई 1937 -10 मई 2010

आज जब राजनीतिक दल परिवारवाद एवं आर्थिक हितों को साधने का केंद्र बन रहे हैं, ऐसे समय में भाजपा राष्ट्र के सर्वांगीण विकास हेतु तन-मन-धन समर्पित करने वाले देवतुल्य कार्यकर्ताओं की वजह से जनकल्याण को नया आयाम दे रही है। आज भाजपा को चुनावी राजनीति में जो यश प्राप्त हो रहा है, वह संगठन कार्य में नींव की तरह समर्पित हुतात्माओं के परिश्रम व त्याग का परिणाम है। छत्तीसगढ़ (अविभाजित मध्यप्रदेश) में राष्ट्रवादी विचारधारा आधारित जनसंघ के विस्तार में योगदान देने वालों में श्री शामनदास रत्नानी जी को विस्मृत नहीं किया जा सकता। एक जुलाई 1937 में सिंध (वर्तमान पाकिस्तान में) श्री गणेश रत्नानी व माता श्रीमती परमादेवी रत्नानी जी के यहां आपका जन्म हुआ। देश के विभाजन के उपरांत परिवार दुर्ग आ गया। घर की आर्थिक स्थिति ठीक न होने से शामनदास रत्नानी जी ने किशोरावस्था से ही परिवार की जिम्मेदारियां उठाई। फेरियां लगाकर कपड़े का व्यवसाय करते थे। अपने व्यवसाय के साथ राष्ट्र कार्य में भी वह समय देते थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता उन दिनों देश के विभाजन का दंश झेलने वालों की सेवा कार्य में जुटे रहते थे। ऐसे में उनकी भेंट संघ के स्वयंसेवकों से हुई और वह भी शाखा जाने लगे। इसी दौरान डॉ. पाटनकर के मार्गदर्शन में उन्होंने जनसंघ के सदस्य बनकर सार्वजनिक जीवन में प्रवेश किया। राजनीतिक क्षेत्र में उन्हें कई अच्छे नेताओं का साथ मिला। जनसंघ के प्रदेश और देश के नेताओं के प्रवास तथा उनके भोजन व आवास आदि की व्यवस्था का कार्य भार उन्हें मिला।

## नेताओं के प्रवास को सुगम बनाया

जनसंघ के कार्य को विस्तार देने में उन्होंने मोहन भैया, दिनकर डांगे, स्वारथ लाल ताम्रकार और अन्य कई नेताओं के साथ मिलकर काफी कार्य किया। पार्टी के लिए अर्थ संग्रह, झंडा, बैनर, टोपी और अन्य सामग्रियों की व्यवस्था में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। जनसंघ के समय वह नगर पालिका के पार्षद भी रहे। जब श्री प्रहलाद तिवारी जी नगर पालिका अध्यक्ष बने, उस समय जनसंघ के श्री मोहन भैया, कार्तिक लाल साहू जी और शामनदास रत्नानी तीन पार्षद चुने गए थे। राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के जनसंघ के सभी नेताओं के आगमन पर श्री बंसीलाल कुकरेजा जी के साथ उनके प्रवास की समूचे व्यवस्थाओं का कार्य देखते थे।

## आपातकाल में जेल भी गए

वह संगठन का कार्य कर कैसे पार्टी आगे बढ़े सदैव चिंता करते। 1975 आपातकाल के समय वह मीसा के अंतर्गत जेल भी गए। जनसंघ के विलय के पश्चात् जनता पार्टी और तत्पश्चात भाजपा के नेता के रूप में पार्टी के संगठन में शहर भाजपा अध्यक्ष जैसे विभिन्न जिम्मेदारियों को निभाते हुए जीवन पर्यंत भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते रहे। 10 मई 2010 को श्री शामनदास रत्नानी का देवलोकगमन हुआ। संगठन के लिए समर्पित ऐसे ध्येयनिष्ठ कार्यकर्ता को शत्-शत् नमन...

## शामनदास जी ने राष्ट्रवादी विचारों के लिए निष्ठा से कार्य किया

*शामनदास जी ने राष्ट्रवादी विचारों के लिए पूरी निष्ठा से कार्य किया। दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जब एक जिला हुआ करता था, उस समय वह जनसंघ के संस्थापक सदस्य थे। जीवनपर्यंत संगठन को सुदृढ़ करने में लगे रहे। वह हम सभी के लिए प्रेरणादायी हैं।*

**-जितेंद्र वर्मा,** जिलाध्यक्ष, भाजपा, दुर्ग

## हम सभी के लिए अभिभावक की तरह थे

*श्री शामनदास जी हम सभी के लिए अभिभावक की तरह थे। वह कार्यकर्ताओं के सुख-दुख की चिंता करते थे। आज उनके बनाए कार्यकर्ता व नेता सार्वजनिक जीवन में सफलता के शिखर पर हैं।*

**-नरेश तेजवानी,** भाजपा पार्षद, दुर्ग


## निवेदन

दीप कमल से संबंधित कोई भी सुझाव या शिकायत हो तो आप नीचे दिए गए पते पर भेज सकते हैं। फोन या मोबाइल नंबर पर भी जानकारी दे सकते हैं। ईमेल भी कर सकते हैं। इसके अलावा आपके क्षेत्र में संगठन से संबंधित कोई गतिविधि या पत्रिका में प्रकाशन योग्य कोई समाचार हो, तो उसे भी निम्नलिखित माध्यमों से भेजने का आग्रह है।

**प्रबंध संपादक, दीप कमल, प्रदेश भाजपा कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर**
डूमरतराई, रायपुर। (छत्तीसगढ़), मोबाइल नं. : 92016-33511, फोन : 0771-2233500, Email : mydeepkamal@gmail.com

## बोलती तस्वीरें



# भाजपा प्रदेश कार्यसमिति 2024







RNI No.CHHHIN/2004/13926

डाक पंजी. क्रमांक : छ.ग./रायपुर संभाग/78/2023-25

# हमर छत्तीसगढ़ के भांचा राम

